वर्ष -15 अंक-34 प्रत्येक गुरुवार को प्रकाशित अनूपपुर 24 से 30 अगस्त 2023 मूल्य 2.00 पृष्ठ 8 Epaper-www.fatwasamachar.com

डाक पंजी- SDL-0019/2025 RNI-MPHIN/2008/24599



# फ़तवा

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय समाचार पत्र आपका विश्वास

**सुविचार**

अगर आप अपने जीवन में सफल होना चाहते हैं, तो अपने मेहनत पर विश्वास रखे, किस्मत की आजमाइश तो अक्सर जुए में होती है।

पेज-2

पेज-3

पेज-4


## संक्षिप्त समाचार

### पंचायत सचिवों को मिलेगा सातवां वेतनमान

**भोपाल नप्र।** प्रदेश भर के पंचायत सचिवों को चालू महीने अगस्त से ही सातवां वेतनमान का लाभ मिलेगा। प्रदेश में पंचायत सचिवों की संख्या 21 हजार 110 है, जो लंबे समय से वेतनमान का लाभ देने और महंगाई भत्ते में वृद्धि की मांग कर रहे थे।पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने कैबिनेट निर्णय के बाद सोमवार को पंचायत सचिवों को अगस्त से सातवां वेतनमान दिए जाने के आदेश जारी किए हैं। सचिवों को महंगाई भत्ता मिलाकर अभी जो अधिकतम वेतन 34 हजार 632 रुपये मिल रहा था, वह 41 हजार 814 रुपये हो जाएगा। नया वेतनमान देने से सरकार के ऊपर प्रतिवर्ष 180 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। प्रदेश में 23 हजार 12 पंचायतें हैं और 21 हजार 110 पंचायत सचिव कार्यरत हैं। ये लंबे समय से सातवां वेतनमान दिए जाने की मांग कर रहे थे, जिसे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूरा करते हुए इसका लाभ 11 अगस्त 2023 से देने का निर्णय लिया है। सातवें वेतनमान में तीन श्रेणियां रखी गई हैं।

### प्रदर्शनः पुरानी पेंशन, दैनिक वेतनभोगियों को नियमित करने की मांग

**भोपाल नप्र।** चुनावी साल में पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने समेत अन्य मुद्दों पर मध्यप्रदेश के कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। मंगलवार को मप्र कार्यभारित एवं दैनिक वेतनभोगी श्रमिक महासंघ और मप्र स्थायीकर्मी कल्याण संघ के बैनरतले प्रदेशभर के कर्मचारी भोपाल में जुटे। पुरानी पेंशन, नियमितीकरण समेत अन्य मांगों को लेकर उन्होंने अंबेडकर मैदान में धरना भी दिया। मंच से संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवासी तिवारी एवं शारदा सिंह परिहार ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी जिन्हें वर्ष 2006 में स्थायीकर्मी बनाया गया, लेकिन उन्हें सिर्फ मूल वेतन, वार्षिक वेतनवृद्धि और समय-समय पर जारी महंगाई भत्ता दिया जाता है। इनमें से ज्यादातर कर्मचारियों की वेतनवृद्धि बंद हो गई

**मुख्यमंत्री चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय**

# पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के भत्तों में वृद्धि की स्वीकृति

### राज्य शासन के पेंशनरों/परिवार पेंशनरों के महंगाई राहत दर में वृद्धि



**पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के भत्तों में वृद्धि की स्वीकृति**

**राज्य शासन के पेंशनरों / परिवार पेंशनरों के महंगाई राहत दर में वृद्धि**

**मध्यप्रदेश नक्सली आत्म-समर्पण, पुर्नवास सह राहत नीति 2023**

**भोपाल नप्र।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलने वाले भत्तों में वृद्धि के लिये स्वीकृति प्रदान की गई है। पुलिस थानों में पदस्थ आरक्षक से उपनिरीक्षक स्तर के कर्मचारियों को प्रत्येक माह शासकीय कार्य के लिए की गई यात्रा के लिए 15 लीटर पेट्रोल की कीमत की प्रतिपूर्ति, आरक्षक से निरीक्षक स्तर के अराजपत्रित कर्मचारियों के लिये पौष्टिक आहार भत्ते की राशि 650 रूपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1000 रूपये प्रतिमाह, आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक को मिलने वाले किट क्लोदिंग भत्ता राशि क्रमशः प्रतिवर्ष 2,500 रूपये एवं 3 हजार रूपये से बढ़ाकर 5 हजार रूपये प्रतिमाह, सहायक उप निरीक्षक से निरीक्षक स्तर के अधिकारियों को प्रत्येक 3 वर्ष में दिये जाने वाले वर्दी नवीनीकरण अनुदान की राशि 500 रूपये से बढ़ाकर 2500 रुपये प्रति 3 वर्ष और कानून व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों को मिलने वाले निःशुल्क भोजन की दरों को 70 रूपये प्रतिदिन से बढ़ाकर 100 रूपये प्रतिदिन की गई है। साथ ही मध्यप्रदेश विशेष सशस्त्र बल (वि्स्त्र) के कर्मचारियों को भी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। मंत्रि-परिषद द्वारा राज्य शासन के पेंशनरों / परिवार पेंशनरों को 01 जुलाई, 2023 (भुगतान माह अगस्त, 2023 ) से देय मंहगाई राहत की दर में वृद्धि करने की स्वीकृति दी गई है। निर्णय अनुसार मंहगाई राहत की दर सातवें वेतनमान अंतर्गत 42% और छठवें वेतनमान अंतर्गत 221% की गई है। इस निर्णय से शासन पर अनुमानित 410 करोड़ रूपये का अतिरिक्त व्यय भार संभावित है।

### मध्यप्रदेश नक्सली आत्म-समर्पण, पुर्नवास सह राहत नीति 2023 की स्वीकृति


मंत्रि-परिषद द्वारा आत्म-समर्पण करने वाले नक्सलियों को लाभकारी रोजगार और उद्यमशीलता के अवसरों को प्रदान करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश नक्सली आत्मसमर्पण, पुर्नवास सह राहत नीति 2023 स्वीकृत की गई है। मध्यप्रदेश नक्सली आत्म-समर्पण, पुर्नवास सह राहत नीति राज्य में उत्पन्न वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य हिंसा का रास्ता त्यागकर स्वेच्छा से आत्म-समर्पण करने वालों को मुख्यधारा में शामिल करना है। नीति के अनुसार आत्म-समपर्णकर्ता को पुर्नवास हेतु गृह निर्माण के लिये 1 लाख 50 हजार रूपये, हथियार समर्पण के लिये अनुग्रह राशि 10 हजार रूपये से 4 लाख 50 हजार रूपये तक, विवाह के लिये प्रोत्साहन राशि 50 हजार रूपये, तात्कालिक आवश्यकता पूर्ति के लिये 5 लाख रूपये या घोषित पुरस्कार राशि जो भी अधिक हो, अचल सम्पत्ति क्रय के लिये 20 लाख रूपये, व्यवसायिक प्रशिक्षण के लिए 1 लाख 50 हजार रूपये दिये जायेंगे।

### जिला बैतूल में नवीन अनुविभाग आमला के सृजन की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा जिला बैतूल में नवीन अनुविभाग आमला के सृजन की स्वीकृति दी गई है। नवीन अनुविभाग आमला में तहसील आमला के पटवारी हल्का 01 से 70 तक कुल 70 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे। इसके बाद अनुविभाग मुलताई में तहसील मुलताई के पटवारी हल्का 01 से 69 तक एवं तहसील प्रभातपट्टन के पटवारी हल्का 70 से 133 तक कुल 133 पटवारी हल्का समाविष्ट होंगे। नवीन अनुविभाग आमला के संचालन के लिये कुल 12 पद स्वीकृत किये गये है। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) का 1, स्टेनो टायपिस्ट का 1, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 3, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 4 पद शामिल है। मंत्रि-परिषद द्वारा जिला पंचायत सदस्यों एवं जनपद पंचायत सदस्यों के मानदेय में वृद्धि करने का निर्णय लिया है।

**दो घंटे पहले होगा सॉट लैंडिंग पर फैसला**

# अगर परिस्थितियां अनुकूल नहीं रहीं, तब 23 को नहीं 27 अगस्त को सॉट लैंडिंग करेगा चंद्रयान-3



**हैदराबाद एजेंसी।** चंद्रयान-3 का लैंडर विक्रम अब अपने कैमरे एलएचडीएसी से चांद के दक्षिणी ध्रुव पर ऐसी जगह तलाश रहा है, जहां बड़े पत्थर और गहरे गड्ढे न हों। जिससे कि 23 अगस्त शाम 6ः04 बजे वह सॉफ्ट लैंडिंग कर सके। भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो ने कहा कि विक्रम में लगा कैमरा खतरे का पता लगाने और बचाव में सक्षम है। इसरो के निदेशक नीलेश एम देसआई ने कहा कि 23 अगस्त को चंद्रयान-3 को उतारना उचित होगा या नहीं, इसका निर्णय लैंडर मॉड्यूल की स्थिति और चंद्रमा पर स्थितियों के आधार पर होगा। उन्होंने कहा कि अगर परिस्थितियां अनुकूल नहीं रहीं, तब लैंडिंग को 27 अगस्त तक आगे बढ़ाया जा सकता है। इसरो ने कहा है कि चांद पर उतरने से दो घंटे पहले स्थिति का जायजा लिया जाएगा। उसके बाद लैंडर को चांद पर उतारने का फैसला होगा। लगेगा कि स्थिति ठीक नहीं है, तब हम इस 27 अगस्त तक के लिए आगे बढ़ा सकते हैं।

### चंद्रयान-3 पर लूना-25 चंद्र मिशन की नाकामी का कोई असर नहीं

उधर भारत के टॉप वैज्ञानिकों ने कहा कि लूना-25 चंद्र मिशन की नाकामी का इसरो के चंद्रयान-3 अभियान पर कोई असर नहीं पड़ेगा। चंद्रयान-2 मिशन को भेजने के समय इसरो प्रमुख रहे के.सिवन ने कहा, चंद्रयान-3 मिशन योजना के मुताबिक आगे बढ़ रहा है। सॉफ्ट लैंडिंग योजना के अनुसार होगी। हम उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार यह सतह पर उतरने में सफल रहेगा। 2008 में चंद्रयान-1 मिशन लांच होने पर अंतरिक्ष एजेंसी का नेतृत्व करने वाले नायर ने कहा कि एक सफल लैंडिंग इसरो के ग्रहों की खोज के अगले चरण के लिए एक बड़ी शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि ये एक बहुत ही जटिल युद्धाभ्यास है।

## अमेरिकी कोर्ट ने 26/11 हमले के आरोपी राणा के भारत प्रत्यर्पण पर लगाई रोक

**नई दिल्ली एजेंसी।** अमेरिकी कोर्ट ने मुंबई में हुए 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की मांग को खारिज कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका की अदालत ने देश के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की अपील खारिज करते हुए पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने का आदेश दिया है। राणा मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमले में शामिल होने के मामले में भारत में मुकद्दमे का सामना कर रहा है। 62 वर्षीय राणा ने कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट में अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ 'नाइंथ सर्किट कोर्ट में अपील की है, जिसमें बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट याचिका को खारिज कर दिया गया था।

सेंट्रल कैलिफोर्निया में अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जिला न्यायाधीश डेल एस. फिशर ने अपने हालिया आदेश में कहा कि राणा के प्रत्यर्पण पर रोक लगाने के अनुरोध वाले उसके एक पक्षीय आवेदन को मंजूरी दी जाती है।

## जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 निरस्त करने के मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आठवें दिन की सुनवाई हुई

**नई दिल्ली एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 निरस्त करने के मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट के संविधान पीठ में आठवें दिन की सुनवाई हुई। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने फिर टिप्पणी की, भारतीय संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो इसे जम्मू-कश्मीर में लागू होने से रोकता हो। जम्मू-कश्मीर संविधान का अनुच्छेद 5 दर्शाता है कि भारतीय संविधान जम्मू-कश्मीर पर लागू होगा। सुनवाई बुधवार को भी जारी रहेगी। सुनवाई के दौरान सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अनुच्छेद 370 की ऐसी कौन सी




विशेषताएं हैं जो दर्शाती हैं कि जम्मू-कश्मीर संविधान बनने के बाद इसका अस्तित्व समाप्त हो जाएगा? क्या संविधान सभा के किसी सदस्य द्वारा दिया गया भाषण जम्मू-कश्मीर के प्रति राष्ट्र की बाध्यकारी प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व कर सकता है?

## इस बार इलाहाबाद में मनाया जाएगा भारतीय वायुसेना दिवस

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय वायुसेना दिवस इस बार इलाहाबाद में मनाया जाएगा। ये फैसला देश के अलग-अलग हिस्सों में वायुसेना दिवस समारोह की मेजबानी की नई परंपरा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। हर साल 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस मनाया जाता है। इसी दिन 1932 में भारतीय वायुसेना की स्थापना की गई थी। इस बार औपचारिक परेड मध्य कमान के बमरौली में होगी। 91वें वायुसेना दिवस पर फ्लाई पास्ट संगम क्षेत्र पर होगा। रफाल, सुखोई, जगुवार, मिग-29, तेजस, चिनूक और अपाचे जैसे एयरकाफ्ट गंगा और यमुना नदी के संगम पर अपना दमखम दिखाएंगे।

**रतलाम में मंडी का गेट बंद कर प्रदर्शन किया**

# प्याज पर 40% निर्यात शुल्क के विरोध में उतरे किसान, इंदौर में कलेक्ट्रेट घेरा





**इंदौर नप्र।** प्याज की कीमतें नियंत्रण में रखने के लिए केंद्र सरकार ने इसके निर्यात पर 40 प्रतिशत ड्यूटी लगा दी है। इस फैसले के खिलाफ मध्यप्रदेश में भी विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। इंदौर में भारतीय किसान संघ ने मंगलवार को कलेक्टर ऑफिस का घेराव किया। किसानों ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। रतलाम में किसानों ने मंडी में नीलामी बंद रखी। मंडी का गेट भी बंद कर दिया। उनकी मांग है कि निर्यात शुल्क का निर्णय वापस लिया जाए। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। मालवा प्रांत के 15 जिलों में भी ज्ञापन दिए गए हैं। ज्ञापन देने लगभग 400 लोग पहुंचे थे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी थीं।

भारतीय किसान संघ के इंदौर जिला अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह राठौर ने कहा कि सरकार इस फैसले को 15 दिन के अंदर वापस ले अन्यथा संघ देश के सभी सांसदों का घेराव करेगा। उन्होंने कहा, %निर्यात शुल्क से लागत भी नहीं निकल पाएगी। इससे हमारा काफी नुकसान होगा। सुनवाई नहीं हुई तो सांसदों का घेराव करने के साथ प्रांत की सभी मंडियों को बंद किया जाएगा। टमाटर के बाद अब प्याज के दाम देशभर में लगातार बढ़ रहे हैं।

कीमतों को काबू में रखने के लिए केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत ड्यूटी लगा दी है। वित्त मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी किया है कि प्याज पर निर्यात ड्यूटी 31 दिसंबर तक रहेगी। अभी तक इसके निर्यात पर कोई टैक्स नहीं वसूला जाता था। सरकार इस कदम से देश में प्याज की उपलब्धता बनाए रखना चाहती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बीती 10 अगस्त को प्याज का ऑल इंडिया रिटेल प्राइस 27.90 रुपए प्रति किलो था, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2 रुपए प्रति किलो से ज्यादा है।

## मौसमः भोपाल-इंदौर में बूंदाबांदी, ग्वालियर और खंडवा में हल्की बारिश



**भोपाल नप्र।** मध्यप्रदेश के कई जिलों में मंगलवार को हल्की बारिश हुई। ग्वालियर में 3.6 मिमी, खंडवा में 2 मिमी बारिश हुई। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, मलांजखंड में भी हल्की बूंदाबांदी हुई। प्रदेश के ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में अगले 2 से 3 दिन तक मानसून सिस्टम एक्टिव रहेगा। संभाग के जिलों में कहीं मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को ग्वालियर, सागर समेत 25 जिलों में तेज बारिश का अनुमान जताया था। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि अभी साइक्लोनिक सर्कुलेशन पश्चिम-उत्तर हिस्से में है। इसके वजह से 24 घंटे में कई जिलों में मध्यम से भारी और हल्की बारिश हुई।

## 82 लाख का इनामी नक्सली पत्नी समेत गिरफ्तारः चार राज्यों में 60 से ज्यादा केस दर्ज, मप्र में मजबूत कर रहे थे नक्सल माड्यूल

**जबलपुर नप्र।** मध्यप्रदेश एटीएस ने नक्सली दंपती को गिरफ्तार किया है। नक्सली अशोक रेड्डी उर्फ बलदेव (62) पर तेलंगाना, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में 83 लाख रुपए का इनाम घोषित है। अशोक के खिलाफ 60 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। उनके पास से तीन लाख रुपए नकद, पिस्टल, माओवादी साहित्य और कारतूस मिले हैं। दोनों प्रतिबंधित माओवादी संगठन सीपीआई के सक्रिय सदस्य हैं।

एटीएस से जुड़े सूत्रों ने बताया कि सोमवार को जानकारी मिली थी कि दो नक्सली जबलपुर के निजी अस्पताल में इलाज कराने आए हैं। एटीएस की टीम ने अस्पताल में छापा मारा। यहां से नक्सली अशोक रेड्डी और उसकी पत्नी रैमती उर्फ कुमारी पोटाई (43) को पकड़ा। अशोक तेलंगाना के गोलकुंडा का रहने वाला है। वहीं, रैमती मूल रूप से छत्तीसगढ़ के नारायणपुर की रहने वाली है।

### दोनों ही माओवादी संगठन के सदस्य



एटीएस अफसरों का कहना है कि नक्सली अशोक रेड्डी प्रतिबंधित संगठन CPI की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का सदस्य है। उसकी पत्नी रैमती उत्तर बस्तर क्षेत्र में पार्टी के लिए प्रचार-प्रसार का काम देखती है। वह माओवादी साहित्य, पर्चे, पम्पलेट, प्रेस विज्ञप्ति, बैनर, पोस्टर आदि को छपवाने का काम संभालती है। अशोक रेड्डी के खिलाफ चार राज्यों में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, बलवा, पुलिस पर हमला, अपहरण, लूट, आगजनी समेत विस्फोटक अधिनियम, आर्म्स एक्ट में 60 से ज्यादा केस हैं। नक्सली अशोक रेड्डी का मुख्य कार्य क्षेत्र तेलंगाना व छत्तीसगढ़ से संबंधित रहा है। मध्यप्रदेश में भी नक्सल कैडर व नेटवर्क मजबूत करने में इसकी संलिप्तता होने की आशंका है। नक्सली दंपती के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## राहुल गांधी लद्दाख दौरे पर, वरिष्ठ सैनिकों के साथ घूमे लेह बाजार

**लेह एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस समय लद्दाख के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ सैनिकों के साथ लेह के स्थानीय बाजार में भ्रमण किया। कांग्रेस सांसद ने लेह बाजार क्षेत्र के उनके दौरे का वीडियो साझा किया, इसमें वह भारत माता की जय के नारों के बीच तिरंगा पकड़े नजर आ रहे हैं।



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा, कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने कहा था कि भारत माता हर भारतीय की आवाज है। लेह में भी कुछ ऐसी ही गूंज है। गौरतलब है कि राहुल गांधी शुक्रवार को अपनी आठ दिवसीय लद्दाख यात्रा का समापन करेंगे। उन्होंने रविवार को पैंगोंग झील का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने अपने दिवंगत पिता और पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी को उनकी 79वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने लेह में एक स्थानीय फुटबॉल मैच में भी भाग लिया था, वरिष्ठ लोगों के साथ रात्रिभोज में भाग लिया और युवाओं के साथ बातचीत की।

# कर्नाटक की जनता ने 40 परसेंट कमीशन की सरकार गिराई, मप्र की जनता 50 परसेंट कमीशन की सरकार को हटाएगी : खड़गे

**मल्लिकार्जुन खरगे बोले-**


**संत रविदास के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना करेगी कांग्रेस सरकार**

**मोदी सरकार ने दिल्ली में संत रविदास का मंदिर बुलडोजर चलाकर गिराया था**

**अमित शाह से पूछना चाहता हूं कि आदिवासी पर पेशाब करने वाला व्यक्ति किस पार्टी का है**

### सागर में खरगे और कमलनाथ की विशाल जनसभा

**सागर/भोपाल।** बुंदेलखंड के सागर के कजली वनमैदान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में पूरे बुंदेलखंड से लाखों की संख्या में जनता शामिल हुई। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री खरगे ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने 40 प्रतिषत कमीशन लेने वाली



भाजपा की सरकार को हटाया था और मध्य प्रदेश की जनता 50 प्रतिशत कमीशन लेने वाली शिवराज सरकार को हटाएगी। श्री खरगे ने अपने भाषण की शुरुआत में कहाः प्यारे बुंदेलखंडवासियो आप सबको मेरा नमस्कार। क्रांतिवीरों और दानवीरों की धरती सागर पर इस विशाल जनसभा को देख कर मैं बहुत खुश हूं। बुंदेलखंड का इलाका आन बान और शान के लिए मशहूर है। बलिदानियों की भूमि है। मैं आजादी के आंदोलन में शहादत देने वाले नायकों को श्रद्धांजलि देता हूं। बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल, महारानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना झलकारी बाई को श्रद्धांजलि देता हूं। इसके साथ 17 साल की उम्र में 1942 के आंदोलन में तिरंगा फहराते शहीद हुए साबूलाल जैन के योगदान को भी मैं नमन करता हूं। जिनके नेतृत्व में भारत का संविधान बना, बाबा साहेब मध्य प्रदेश के महू कैंट में ही पैदा हुए थे। संविधान निर्माताओं में डॉ. हरिसिंह गौर भी थे, जिन्होंने बुंदेलखंड की धरती पर जिंदगी भर की कमाई लगा कर मध्य प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय स्थापित किया। डॉ गौर को मैं विशेष तौर पर नमन करता हूं। श्री खरगे ने कहा कि मोदी जी को संत रविदास जी सिर्फ चुनाव में याद आते हैं। चंद रोज पहले सागर में ही प्रधानमंत्री मोदीजी ने 100 करोड़ के संत रविदास जी मंदिर और स्मारक का शिलान्यास किया, ये खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति और ओबीसी को अब उचित सम्मान मिल रहा है।

## संपादकीय

### शहबाज शरीफ ने कबूला पाकिस्तान का सच हकीकत के सामने बेपर्दा हुआ पड़ोसी देश

दरअसल, दशकों से पाकिस्तान में ऐसे हालात बने हुए हैं कि वहां आम चुनावों के बाद सरकार बनते ही ऐसे आरोप लगने लगते हैं कि सरकार सेना के प्रभाव में काम कर रही है। पाकिस्तान में अनवार-उल-हक काकड़ को नया कार्यवाहक प्रधानमंत्री चुन लिया गया है, लेकिन इससे पहले शहबाज शरीफ का जो कबूलनामा सामने आया है, वह प्रथम दृष्टया चौंकाने वाला लगता है। हालांकि यह सिर्फ उन बातों की पुष्टि है, जो पाकिस्तान की सत्ता में वहां की सेना के दखल के बारे में लंबे अरसे से कहा जाता रहा है। फिर भी, शहबाज शरीफ की स्वीकारोक्ति इसलिए अहम मानी जा सकती है कि सरकार के किसी निवर्तमान प्रधानमंत्री ने खुद यह बात कही है। दरअसल, गुरुवार को एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में सरकार सेना के समर्थन के बिना नहीं चल सकती है। जाहिर है, जिस देश में तख्तापलट की आशंका बनी रहती हो, वहां की राजनीति में सेना की भूमिका का अंदाजा लगाया जा सकता है। यों पाकिस्तान में अब तक सरकारों के कामकाज का जो तरीका रहा है, देश के अंदर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह के फैसले सामने आते रहे हैं, उनमें सेना का प्रभाव साफतौर पर दिखता रहा है। मगर एक शीर्ष पद की जिम्मेदारी संभालने वाले व्यक्ति ने स्पष्टता से यह कबूल किया है, तो यह चिंता की बात है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में इस साल के अंत तक आम चुनाव कराए जाने की संभावना है। यह देखने की बात होगी कि शहबाज शरीफ का कबूलनामा चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों और जनता के बीच राय बनाने में क्या भूमिका निभाता है। यह छिपी बात नहीं है कि सत्ता से बाहर और विपक्ष का नेता रहते हुए शहबाज शरीफ शासन चलाने के लिए सेना के दखल को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान की आलोचना करते थे। मगर इमरान खान के सत्ता से बाहर होने के बाद जब उन्हें पाकिस्तान की गद्दी संभालने का मौका मिला, तो उन्होंने खुद भी उसी स्थिति को स्वीकार करने से गुरेज नहीं किया। हालांकि इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भी सेना से टकराव मोल लिया था। पर सवाल है कि अगर पाकिस्तान में अलग-अलग पार्टियों के बीच सरकार में सेना के दखल को लेकर चिंता है और वे इसे अनुचित मानते हैं, तो इस मसले पर राजनीतिक रूप से कोई ठोस पहल क्यों नहीं होती! दरअसल, दशकों से पाकिस्तान में ऐसे हालात बने हुए हैं कि वहां आम चुनावों के बाद सरकार बनते ही ऐसे आरोप लगने लगते हैं कि सरकार सेना के प्रभाव में काम कर रही है। भारत भी अक्सर यह कहता रहा है कि पाकिस्तान की सरकार के कामकाज और खासतौर पर पड़ोसी देशों के प्रति नीतिगत फैसले वहां की सेना की मर्जी के मुताबिक लिए जाते हैं। मगर जब भी ऐसी बातें सार्वजनिक रूप से कही जाती हैं, तो पाकिस्तान घोषित तौर पर उन्हें खारिज ही करता रहा है। लेकिन आंतरिक या बाह्य मामलों में सरकार के फैसलों और रुख में आए दिन होने वाले उतार-चढ़ाव से साफ पता चलता है कि वहां सरकार किस हद तक स्वतंत्र तरीके से काम कर पाती है। यह बेवजह नहीं है कि अनेक मौकों पर भारत और पाकिस्तान के बीच संवाद की स्थितियां बनती हैं, संबंधों में सुधार के लिहाज से कुछ सकारात्मक माहौल बनने भी लगता है, लेकिन फिर कुछ दिनों बाद ही पाकिस्तान की ओर से कोई न कोई ऐसा राग छेड़ दिया जाता है, जिससे पटरी पर आती स्थितियां भी बिगड़ जाती हैं। सवाल है कि आधुनिक विश्व में लोकतंत्र की बढ़ती मांग के बीच पाकिस्तान की चुनी हुई सरकारें आखिर कब तक सेना के दखल का बोझ ढोती रहेंगी! इतने बड़े अनुभवों के बाद भी अगर कल्याण योजनाओं में सेंधमारी रोकने के पुख्ता और व्यावहारिक इंतजाम नहीं हो पा रहे हैं, तो इन योजनाओं की प्रासंगिकता ही प्रश्नांकित होती है।

# रोजाना 1917 बुजुर्ग कोर्ट जाने को हो रहे मजबूर



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

> एक साल में सात लाख मामलों में कुछ कम ज्यादा हो सकता है पर आंकड़ा सात लाख के आसपास से कम इस मायने में नकारा नहीं जा सकता कि अदालतों में दर्ज होने वाले प्रकरणों की मॉनेटरिंग होती है। अब सवाल सीधा-साधा यह हो जाता है कि एक साल में सात लाख मामले सामने आने का मतलब साफ है कि असलियत में इस तरह के मामले कई गुणा होंगे। साफ है अदालत या पुलिस में केस दर्ज कराने के हालात बहुत ही अति की स्थिति में होते हैं। एफआईआर या अदालत में इस्तगासा कराना आम आदमी के लिए ही मुश्किल भरा काम होता है तो किसी बुजुर्ग से इस तरह की आशा करना बेमानी ही होगा। दरअसल कोई भी आदमी मेरा मतलब आम आदमी से भी है कि उसके द्वारा भी पुलिस थानों या वकीलों और अदालतों के चक्कर लगाने से बचने की ही कोशिश की जाती है। फिर बुजुर्ग की तो अपनी सीमाएं होती हैं।



एक तरफ यह माना जा रहा है कि 2050 आते-आते देश का हर पांचवां नागरिक बुजुर्ग होगा तो दूसरी और बुजुर्गों के साथ असम्मान में दिन-दूनी रात चौगुनी बढ़ोतरी हो रही है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक साल में सात लाख बुजुर्गों ने अदालतों के द्वार खटखटाये हैं। इसका मतलब है कि एक दिन में करीब 1917 बुजुर्गों ने कोर्ट को अपना दुखड़ा बताया। इससे पहले अदालतों में बुजुर्गों द्वारा दर्ज कराए गए पांच साल से अधिक के 20 लाख से अधिक मामले न्याय में लंबित हैं। सवाल यह नहीं है कि अदालतों में कितने मामले लंबित हैं। सवाल यह भी नहीं है कि कितने समय से लंबित हैं। सवाल यह भी नहीं है कि अदालतों में बुजुर्गों से संबंधित मामलों के निर्णय में क्यों देरी हो रही है? सीधा और सौ टके का सवाल यह है कि समाज में बुजुर्गों के प्रति असम्मान में क्यों बढ़ोतरी हो रही है। केवल और केवल एक साल में सात लाख मामलों का सामने आना हमारे समाज की बुजुर्गों के प्रति असहिष्णुता को स्पष्ट रुप से दशार्ता है। एक और हमारी संस्कृति और सभ्यता में बुजुर्गों के सम्मान सिखाया जाता रहा है, वहीं अब समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा न्यायालय का दरवाजा खटखटाना बेहद चिंता का विषय हो जाता है। एक साल में सात लाख मामलों में कुछ कम ज्यादा हो सकता है पर आंकड़ा सात लाख के आसपास से कम इस मायने में नकारा नहीं जा सकता कि अदालतों में दर्ज होने वाले प्रकरणों की मॉनेटरिंग होती है। अब सवाल सीधा-साधा यह हो जाता है कि एक साल में सात लाख मामले सामने आने का मतलब साफ है कि असलियत में इस तरह के मामले कई गुणा होंगे। साफ है अदालत या पुलिस में केस दर्ज कराने के हालात बहुत ही अति की स्थिति में होते हैं। एफआईआर या अदालत में इस्तगासा कराना आम आदमी के लिए ही मुश्किल भरा काम होता है तो किसी बुजुर्ग से इस तरह की आशा करना बेमानी ही होगा। दरअसल कोई भी आदमी मेरा मतलब आम आदमी से भी है कि उसके द्वारा भी पुलिस थानों या वकीलों और अदालतों के चक्कर लगाने से बचने की ही कोशिश की जाती है। फिर बुजुर्ग की तो अपनी सीमाएं होती हैं। कोर्ट-कचहरी तक जाने से आज भी आम आदमी डरता है। हालांकि न्यायालयों के प्रति आम आदमी का विश्वास बरकरार है चाहे उसमें देरी कितनी भी हो रही हो। न्याय में विश्वास का ही परिणाम है कि न्यायालयों में वादों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।

सवाल सीधे-सीधे यह हो जाता है कि समाज में बुजुर्गों के प्रति असम्मान के हालात क्यों बन रहे हैं। चिंतनीय यह भी हो जाता है कि आज देश में औसत आयु में बढ़ोतरी हुई है तो युवा जनसंख्या के आधिक्य के साथ ही 2050 तक सीनियर सिटीजंस की संख्या बढ़ेगी ही, इसलिए एक ओर जहां सरकारों को अभी से नई रणनीति बनानी होगी वहीं समाज विज्ञानियों और समाज विज्ञान के अध्येताओं को समाज में बुजुर्गों के प्रति बढ़ रही असहिष्णुता के कारणों को खोजना होगा। हालांकि आज आर्थिक युग आ गया है। प्रतिस्पर्धा और आपाधापी के दौर में संबंधों की डोर कमजोर होती जा रही है। परिवार के कमजोर व्यक्ति को सहारा देना बीते जमाने की बात होती जा रही है तो बुजुर्गों से तालमेल बैठाना भी मुश्किल होता जा रहा है। इसमें भी कोई दोराय नहीं कि बुजुर्गों के साथ ज्यादती या अन्याय या असहिष्णुता घर और बाहर दोनों जगह देखने को मिल रही है। आम बुजुर्ग की चाहत ही कितनी है, दो जून की सम्मान की रोटी, सद्व्वहार और प्रेम के दो बोल। पर समस्या इसको लेकर होने के साथ ही कुछ नए आयाम जुड़ते जा रहे हैं। देखा जाए तो आज बुजुर्गों के जो मामले सामने आ रहे हैं उनमें प्रापर्टी विवाद, किरायेदारों से मकान खाली कराने, सरकार या परिजनों से गुजारा भत्ता, पेंशन के विवादित प्रकरण या फिर पारिवारिक हिंसा के कुछ मामले हो सकते हैं तो कुछ हद तक बदलते हालातों में संतान द्वारा तंग या परेशान करने के मामले भी सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य संबंधी भी एक समस्या है पर वह न्यायालयों तक जाने का मामला नहीं बनती। आज देश-दुनिया ने काफी तरक्की की है। सुविधाओं का विस्तार हुआ है। जीवनस्तर में बदलाव आया है। जीवन जीना आसान हुआ है। पर इन सबके बीच मानवीय संवेदनाएं कहीं खो गई हैं। ऐसे उदाहरण आम हैं कि इकलौती संतान रोजगार के लिए विदेश जाती है और फिर वहीं की होकर रह जाती है। इनमें से अधिकांश का प्रयास यह होता है कि पारिवारिक संपत्ति को बेच कर चले जाएं और फिर वहीं के होकर रह जाएं। समस्या यहां तक आती है कि बुजुर्ग परिजनों के पास गुजारा करने लायक नहीं रहता तो दूसरी ओर इस उम्र में जहां दो शब्द सहानुभूति की आवश्यकता होती है उसमें उन्हें अकेले रहने को मजबूर होना पड़ता है। जरूरी नहीं है कि बेटा-बेटी विदेश में ही हों, देश में भी नौकरी के कारण दूसरी जगह होंगे और फिर उनकी प्राथमिकता कुछ और ही हो जाती है। परिवार पति-पत्नी और बच्चों तक ही सीमित होकर रह जाता है। स्वार्थ कहीं ज्यादा हो जाता है और घर-परिवार के प्रति अपने दायित्वों से दूर होकर परिजनों में कमियां देखना ही बाकी रह जाता है। कोई भी परिवार के प्रति अपने कर्तव्य या जिम्मेदारी की बात नहीं करता अपितु एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप व बुजुर्गों में कमियां निकालने में ही अपनी बहादुरी समझने लगते हैं। यह सोच अब रही ही नहीं कि मैं माता-पिता या बुजुर्गों के लिए क्या कर रहा हूं। अपितु सोच यह होती जा रही है कि माता-पिता या बुजुर्ग ने क्या कमी छोड़ दी। दोषारोपण ही रह गया है। खैर यह विषयांतर होगा पर विचारणीय मुद्दा यह है कि जब एक साल में सात लाख मामले इस तरह के सामने आ रहे हैं जो न्यायालयों में पहुंचे हैं तो कल्पना करने की बात यह है कि वास्तव में इस तरह के मामले बहुत अधिक ही होंगे। कल्पना करके सिहर जाना चाहिए कि देश में बुजुर्गों के हालात क्या से क्या होती जा रही है। क्यों कि आम बुजुर्ग न तो पुलिस में शिकायत करने जा सकता और न ही अदालतों के फेरे लगाने को तैयार हो सकता है। ऐसे में यह साफ है कि सात लाख बुजुर्गों ने तो केवल समाज को आईना दिखाने का काम किया है जबकि न जाने कितने ही बुजुर्गों के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा होगा। यह सब तो तब है जब स्वास्थ्य से लेकर जीवनयापन तक सहज हुआ है। सरकारी नौकरी से रिटायर होने का मतलब पेंशन के माध्यम से सुरक्षा है तो अन्य हालातों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन लगभग सभी राज्यों में दी जा रही है। सरकारों द्वारा सीनियर सिटीजंस को विशेष दर्जा देकर सुविधाएं उपलब्ध कराने लगी है। ऐसे में इस तरह की समस्या उभरना निश्चित रूप से गंभीर हो जाती है।

सात लाख के आंकड़े से सरकारों, चिंतकों और सामाजिक विज्ञान के अध्येताओं को गंभीरता से कारणों की तह तक जाना होगा, नहीं तो कितनी ही सुविधाओं का विस्तार हो, कितने ही रैन बसेरे खुलें, कितने ही वृद्धाश्रम खोले जाएं, समस्या का समाधान संभव नहीं लगता। अभी तो यह चेतावनी है पर आने वाले समय में हालात विकराल होने का संकेत भी हैं।

# चीन की चाशनी में लिपटा 'लेफ्ट मीडिया'



लेखक
लोकेन्द्र सिंह

> न्यूज क्लिक और उससे जुड़े पत्रकारों की पत्रकारिता का विश्लेषण करें, तो सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता है कि चीन से किस बात के लिए उन्हें पैसा मिला होगा।
> हालांकि जो देशभक्त प्रबुद्ध वर्ग है उसे इस खुलासे से कतई आश्चर्य नहीं हुआ होगा क्योंकि देश बाह्य ताकतों के इशारे पर काम करने का कम्युनिस्टों का इतिहास रहा है। एक समय में कम्युनिस्ट खेमा रूस से संचालित होता था, लेकिन जब रूस में तानाशाही कम्युनिज्म व्यवस्था धराशायी हो गई तब उन्होंने कम्युनिस्ट चीन के साथ अपने संबंध जोड़ लिए। याद हो, जब 1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण किया तब भारत के कम्युनिस्ट नेता एवं बुद्धिजीवी आक्रांता देश के पाले में जाकर खड़े हो गए। भारत पर आक्रमण करने के लिए चीन का विरोध करने की जगह, कम्युनिस्ट उसके पक्ष में सड़कों पर रैलियां निकाल रहे थे और भारत की ही आलोचना कर रहे थे।

भारत के कुछ मीडिया संस्थानों को लेकर सामान्य नागरिकों के मन में अकसर प्रश्न उठते हैं कि उनके समाचारों एवं विचारों में भारत विरोध की बू क्यों आती है? जब देश समाधानमूलक पत्रकारिता की अपेक्षा करता है, तब ये अपनी रिपोर्टिंग से बनावटी विवादों को जन्म क्यों देते हैं? ये चीन और पाकिस्तान परस्त क्यों दिखाई देते हैं? इस प्रकार के अनेक प्रश्नों के उत्तर अमेरिकी समाचारपत्र 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट से मिलते हैं। यह रिपोर्ट खुलासा करती है कि चीन दुनियाभर में मीडिया संस्थानों और पत्रकारों को पैसे देकर अपनी छवि चमकाने और दूसरे देशों के खिलाफ दुष्प्रचार को अंजाम दे रहा है। इस तरह चीन अपने प्रतिद्वंद्वियों के विरुद्ध 'धुंआ रहित युद्ध' भी लड़ रहा है। चीन के इस एजेंडा को चलाने में श्रीलंकाई मूल का अमेरिकी कारोबारी नेविल रॉय सिंघम किंगपिंग के तौर पर सामने आया है। नेविल चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की प्रचार शाखा से जुड़ा है। यह रिपोर्ट खुलासा करती है कि चीन के दलाल नेविल ने कम्युनिस्ट खेमे की वेबसाइट 'न्यूज क्लिक' को करोड़ों रुपये की फंडिंग की है। न्यूज क्लिक और उससे जुड़े पत्रकारों की पत्रकारिता का विश्लेषण करें, तो सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता है कि चीन से किस बात के लिए उन्हें पैसा मिला होगा।


हालांकि जो देशभक्त प्रबुद्ध वर्ग है उसे इस खुलासे से कतई आश्चर्य नहीं हुआ होगा क्योंकि देश बाह्य ताकतों के इशारे पर काम करने का कम्युनिस्टों का इतिहास रहा है। एक समय में कम्युनिस्ट खेमा रूस से संचालित होता था, लेकिन जब रूस में तानाशाही कम्युनिज्म व्यवस्था धराशायी हो गई तब उन्होंने कम्युनिस्ट चीन के साथ अपने संबंध जोड़ लिए। याद हो, जब 1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण किया तब भारत के कम्युनिस्ट नेता एवं बुद्धिजीवी आक्रांता देश के पाले में जाकर खड़े हो गए। भारत पर आक्रमण करने के लिए चीन का विरोध करने की जगह, कम्युनिस्ट उसके पक्ष में सड़कों पर रैलियां निकाल रहे थे और भारत की ही आलोचना कर रहे थे। कम्युनिस्ट मीडिया का चीन की गोदी में बैठना कोई मजबूरी नहीं, अपितु उसका स्वाभाविक चरित्र ही है। आज जब भारत तेजी से विश्वपटल पर प्रभावशाली भूमिका को प्राप्त कर रहा है, तब कम्युनिस्ट मीडिया चीन के इशारे पर भारत की छवि को खराब करने के व्यभिचार में शामिल हो गया है। किसी कठपुतली की भांति भारत में सक्रिय कम्युनिस्ट मीडिया अपने आका चीन की अंगुलियों के इशारे पर नाच रहा है। असली गोदी मीडिया तो यही है। हैरानी की बात है कि अमेरिकी समाचारपत्र न्यूयॉर्क टाइम्स में जब भी भारत विरोधी समाचार या लेख प्रकाशित होते हैं, तब समूचा प्रगतिशील खेमा एवं तथाकथित सेकुलर बिरादरी उनकी कतरनें किसी विजयी ध्वज की तरह लहराते हुए हो-हल्ला मचाते हैं। परंतु जब उसी समाचार पत्र ने एक खतरनाक सच को उजागर किया है, तब यह खेमा या तो चुप है या फिर मुंह भी खोल रहा है तो उस रिपोर्ट पर प्रश्न उठाने के लिए। याद हो, वर्ष 2021 में ही प्रवर्तन निदेशालय की जांच में यह बात सामने आ गई थी कि 'न्यूज क्लिक' को जो विदेशी निवेश मिल रहा है, उसमें भारी अनियमितता है। उस समय भी चीनी दलाल नेविल रॉय सिंघम का नाम सामने आया था। उस समय न्यूज क्लिक के प्रधान संपादक और निदेशक प्रबीर पुरकायस्थ के कार्यालय और आवास पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के दौरान माओवादी नवलखा और सीपीएम के आईटी सेल से जुड़े बप्पादित्य सिन्हा को भुगतान से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए गए थे। अब उन लोगों एवं राजनीतिक दलों का चरित्र भी देश की आम जनता को समझ आ रहा है, जिन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 'न्यूज क्लिक' पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई का विरोध किया था। स्मरण रहे कि कम्युनिस्ट पार्टियों सहित कांग्रेस ने भी प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को स्वतंत्र मीडिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया था। लेकिन आज एक बार फिर जब भारत विरोध के लिए कुख्यात वामपंथी मीडिया 'न्यूज क्लिक' का सच सामने आया है, तब यह मुंह में दही जमाकर बैठ गए हैं। यदि हम प्रवर्तन निदेशालय की जांच-पड़ताल और अमेरिकी समाचारपत्र न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट का अध्ययन करें, तो दोनों में बहुत साम्य दिखाई देता है। इससे साफ होता है कि प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई बेबुनियाद नहीं थी। 'न्यूज क्लिक' और उससे जुड़े पत्रकार एवं एक्टिविस्ट चीन से धन प्राप्त करके भारत विरोधी विमर्श को खड़ा करने के काम में संलग्न थे। इस खुलासे के बाद अब भारत सरकार को नए सिरे से न्यूज क्लिक और उसके जैसी अन्य वेबसाइटों की जांच करानी चाहिए। आशंका है कि चीन की चाशनी में केवल 'न्यूज क्लिक' अकेला नहीं लिपटा है, बल्कि इसमें अन्य वेबसाइट एवं स्वतंत्र पत्रकार भी लिप्त होंगे। यह बहुत गंभीर मामला है। भारत के विरुद्ध चीन की ओर से जारी अदृश्य युद्ध में इस प्रकार के समाचार संस्थान चीनी पिट्ठू हैं। ये समाचार संस्थान अप्रत्यक्ष रूप से चीन के एजेंडे को समाज में फैलाने के काम में लगे हुए हैं। समय रहते इन सबको उजागर करना और संविधान सम्मत कार्रवाई करना अत्यंत आवश्यक है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में चीनी दुष्प्रचार और एजेंडा चलाने के लिए 'न्यूज क्लिक' को नेविल की कंपनियों एवं उसके समर्थन वाले दूसरे स्त्रोतों से लगभग 38 करोड़ रुपये मिले हैं। इसमें से 20 करोड़ रुपये निर्यात भुगतान के रूप में मिले हैं, जबकि 10 करोड़ रुपये एफडीआई के तौर पर मिले। इसके अलावा 1.5 करोड़ रुपये कार्यालय संधारण के तौर पर मिले। निदेशालय की जांच के अनुसार, न्यूज क्लिक को विदेश में सेवा के बदले मार्च 2018 तक जस्टिस ऐंड एजुकेशन फंड इंक, अमेरिका, द ट्राइकॉन्टिनेंटल लि. अमेरिका, जीएसपीएएन एलएलसी अमेरिका और सेंट्रो पॉपुलर डी मिडास, ब्राजील से क्रमशः 76.84 करोड़ रुपये, 1.61 करोड़ रुपये, 26.98 लाख रुपये और 2.03 लाख रुपये प्राप्त हुए।

# गोस्वामी तुलसीदास की मूल्य दृष्टि



लेखक
गिरीश्वर मिश्र

> राम-जन्म शिशिर है। राम-सीता का विवाह वसंत है। वन-गमन ग्रीष्म ऋतु है। राक्षसों से युद्ध वर्षा ऋतु है, और राम-सीता की अयोध्या वापसी शीत ऋतु है। प्रकृति में जो परिवर्तन हो रहा है, वह ऋतु में, स्वभाव में, जीवन की घटनाओं में समानांतर रूप से अभिव्यक्त है । अतः जीवन में जो उतार-चढ़ाव है उनको अविचल भाव से स्वीकार करना चाहिए। रामचरितमानस में समाज के सभी जनों को याद करते हैं। वे नाना प्रकार के वातावरण बनाते हैं और यह दिखाते हैं कि इस व्यापक जीवन में सबकी अपनी-अपनी जगह है। लेकिन उन सबको समेटने वाली अंतधार्रा भक्ति की है। भक्ति की यह धारा सगुण और निर्गुण के भेदों को स्वीकारते हुए उनसे पार जाती है। गोस्वामी जी कहते हैं कि यह जो अरूप है और जो सरूप या रूपवाला है दोनों मूलतः एक ही हैं । वे भगवान के नामस्मरण में दोनों को शामिल कर लेते हैं । गोस्वामी जी यह भी कहते हैं कि इस राम कथा का न आदि है न अंत, कथा के पहले भी कथा है और बाद में भी अर्थात कथा में जो भी शुरुआत दिखती है उसके भी पहले भी कुछ है और यह कथा जहां सम्पन्न होती है उसके बाद भी शेष रहता है। यह कथा इस बात का भी द्योतन करती है कि यह सृष्टि और जीवन भी प्रवहमान है, जो कभी व्यक्त रहता है तो कभी अव्यक्त , कभी धीमी गति होती है कभी तीव्र गति होती है। गोस्वामी जी यह भी कहते हैं कि इस कथा में हमने अपना भी इसमें कुछ लगाया है और निगम, आगम, पुराणों आदि से भी लिया है।



गोस्वामी तुलसीदासजी भौतिक-सामाजिक विश्व तथा आध्यात्मिक जीवन, दोनों को जोड़ते हैं। वस्तुतः उनके यहां आध्यात्मिक और भौतिक की स्वतंत्र या निरपेक्ष सत्ता ही नहीं हैं। उनकी राम कथा में देवता, ईश्वर, मनुष्य, वानर, पक्षी, राक्षस सभी भाग लेते हैं। ये सभी पात्र परस्पर गुंथे हुए हैं और राम कथा यह बताती है कि पूरी सृष्टि को साथ में लेकर कैसे चला जाए और उन सबके बीच कैसे सार्थक संवाद स्थापित हो। कथा भी ऐसी है कि सतत जिज्ञासा बनी रहती है कि अभी जो हुआ है उसके बाद आगे क्या घटित होगा? अभी संध्या को तय हो रहा था कि सुबह राम का राजतिलक होगा और अकस्मात एक घटना घटित होती है जो पूरी कथा की दिशा ही बदल देती है। फिर निर्णय होता है कि राज्याभिषेक की जगह राम का वनवास होगा और वे चौदह वर्षों के लिए वन जाएंगे। ऐसे ही अनेक स्थलों पर निर्णायक परिवर्तनों को इस रामायणी कथा में पिरोया गया है। इन प्रसंगों का प्रयोजन मूलतः इस प्रश्न से जुड़ा हुआ है कि परिवर्तनशील संसार में कैसे जिया जाए ? बदलती हुई परिस्थितियों में कैसे जिया जाए? उथल-पुथल के बीच समरसता या साम्य की स्थिति कैसे लाई जाए? रामायण में परिवर्तन का एक सुंदर रूपक गढा गया है। शिव-पार्वती का विवाह हेमंत ऋतु है। राम-जन्म शिशिर है। राम-सीता का विवाह वसंत है। वन-गमन ग्रीष्म ऋतु है। राक्षसों से युद्ध वर्षा ऋतु है, और राम-सीता की अयोध्या वापसी शीत ऋतु है। प्रकृति में जो परिवर्तन हो रहा है, वह ऋतु में, स्वभाव में, जीवन की घटनाओं में समानांतर रूप से अभिव्यक्त है । अतः जीवन में जो उतार-चढ़ाव है उनको अविचल भाव से स्वीकार करना चाहिए। रामचरितमानस में समाज के सभी जनों को याद करते हैं। वे नाना प्रकार के वातावरण बनाते हैं और यह दिखाते हैं कि इस व्यापक जीवन में सबकी अपनी-अपनी जगह है। लेकिन उन सबको समेटने वाली अंतधार्रा भक्ति की है। भक्ति की यह धारा सगुण और निर्गुण के भेदों को स्वीकारते हुए उनसे पार जाती है। गोस्वामी जी कहते हैं कि यह जो अरूप है और जो सरूप या रूपवाला है दोनों मूलतः एक ही हैं । वे भगवान के नामस्मरण में दोनों को शामिल कर लेते हैं । गोस्वामी जी यह भी कहते हैं कि इस राम कथा का न आदि है न अंत, कथा के पहले भी कथा है और बाद में भी अर्थात कथा में जो भी शुरूआत दिखती है उसके भी पहले भी कुछ है और यह कथा जहां सम्पन्न होती है उसके बाद भी शेष रहता है। यह कथा इस बात का भी द्योतन करती है कि यह सृष्टि और जीवन भी प्रवहमान है, जो कभी व्यक्त रहता है तो कभी अव्यक्त , कभी धीमी गति होती है कभी तीव्र गति होती है। गोस्वामी जी यह भी कहते हैं कि इस कथा में हमने अपना भी इसमें कुछ लगाया है और निगम, आगम, पुराणों आदि से भी लिया है। कथा में वर्णित बहुत सारी घटनाएं बताती हैं कि लोक का प्रवेश अधिक है। तुलसीदास जी के राम हम सबके घर के सदस्य सरीखे हैं। उनके लिए कोई ह्यपरह्ण या ह्यइतरह्ण (दूसरा) नहीं है। सभी उनके निकट है और अपने हैं । राम जीवन की हर कठिनाई को झेलने वाले व्यक्ति हैं । मयार्दा पुरुषोत्तम हैं पर जीवन में शायद ही कोई ऐसा कष्ट होगा जो वे नहीं झेलते हैं। हर तरह से उनकी परीक्षा ली जाती है। वे जीवन में हमेशा कसौटी पर कसे जाते हैं। नित्य नई स्थितियों में ही उत्कृष्टता की ओर कदम आगे बढ़ते हैं । एक दुख खत्म भी नहीं होता है कि दूसरा आ जाता है। संघर्षमयता ही जीवन की परिभाषा बन गयी है। तुलसीदास जी कहते हैं : कहहिं बेद इतिहास पुराना। विधि प्रपंच गुन अवगुन साना ॥ यह जो प्रपंच वाला विश्व है वह गुण और अवगुण दोनों से मिलकर बना है। इसलिए जीवन संघर्षमय होता है। इस स्थिति में विवेक-बुद्धि का उपयोग करना होगा। तुलसीदास जी कहते हैं ₹जड़ चेतन गुन दोषमय बिस्व कीन्ह करतार संत हंस गन गहहिं पर परिहरि बारि बिकार ॥₹ यह हमारा कर्तव्य बनाता है कि हम ज्ञान प्राप्त करें, बोध प्राप्त करें और जो उचित है उसके अनुसार निर्णय कर सकें । मूल्य-बोध विवेक से जुड़ा हुआ है। जब तक विवेक स्थापित नहीं होगा, तब तक रामराज्य नहीं होगा। राम कथा में जीवन के मुख्य आधार के रूप में मनुष्य की कर्म करने की क्षमता या कर्मशीलता प्रमुख है । यह कर्म भाग्य नहीं है, वह सक्रियता है।

जन्म मरण सब होता है, यह क्रम बना हुआ है रात और दिन की तरह, रात है तो दिन होगा, दिन है तो रात होगी । परंतु यह जगत करम के अधीन हैः प्रसिद्ध कथन में व्यक्त है ; ह्लकरम प्रधान बिस्व करि राखा। जो जस करइ सो तस फलु चाखा । जो कर्म हम आप करते है, जिस भूमिका का निर्वाह करते हैं, उसी पर निर्भर करेगा की क्या प्राप्त होता है। मनुष्य की उपलब्धियां हैं वे भाग्य के अधीन नहीं है। सब कुछ हो जाएगा, सब कुछ तय है, सुनिश्चित है, ऐसा नहीं है; बहुत कुछ अनिश्चित है। इंडिटरमिनेसी है, अनियत है। कर्म में विश्वास करना ही प्रमुख है। यह सोच मनुष्य को पशु से अलग करती है। कहा जाता है कि भूख, प्यास, भय, निद्रा और मैथुन ये सारी चीजें तो पशु और मनुष्य दोनों में होती हैं । मनुष्य आखिर मनुष्य क्यों है ?उसमें क्या विशिष्टता है? गोसाई जी के शब्दों में-₹हित अनहित पसु पच्छिउ जाना।

# मध्य प्रदेश में बने रेरा एक्ट कानून का उल्लंघन

## क्या शासन प्रशासन का संरक्षण ?

बालकिशन विश्वकर्मा ◈ छतरपुर



मध्य प्रदेश में बने रेरा एक्ट कानून का उल्लंघन मुख्यमंत्री जीके राज्य जिससे प्लाट खरीदने वाले लोगों को ठगी का शिकार होना पड रहा है जिसके कारण जनता अब यह कह रही है मुख्यमंत्री के प्रदेश पर गड़बड़ घोटाले का काम बड़ी तेजी से चल रहा है वहीं जन चर्चा का विषय है कि जिला प्रशासन नाकाम साबित होता दिखाई दे रहा है क्योकि छतरपुर जिले की राजनगर ब्लाक की बात करे तो यहां पर भू माफियाआ हावी है माफियाओं के द्वारा सस्ती जमीनों को खरीद कर नियमों का पालन ना करते हुए शासन को चूना लगा रहे हैं और टैक्स की चोरी भी कर रहे हैं बुनियादी सुविधाओं के बिना ही लोगों को गुमराह करके लोगों के साथ ठगी करके धोखा कर रहे हैं यह कि ग्राम पंचायत शिवराजपुर एवं धमना निवासी राजेंद्र सिंह यादव पिता रनमत सिंह यादव एवं चंद्र प्रकाश पाठक पिता रमाशंकर पाठक के द्वारा हल्का शिवराजपुर में कृषि भूमियों को खरीद कर उन जमीनों को कमर्शियल रूप से परिवर्तित किए बिना ही एवं बिना डायवर्सन की जमीन की प्लॉटिंग करके बेची जा रही है जो अवैध प्लाटिंग की श्रेणी में आती है खसरा नंबर296/2/2 रकवा0.1030 हेक्टेयर, 385/2रकवा1.3850, 25/3/17/1 रकवा 0.0500 हेक्टेयर251/3/1/1/1रकवा 0.0700हेक्टेयर, 217/2/2रकवा 0.5960 हेक्टेयर की जमीन कृषि भूमि के अंश भागों को खरीद कर अवैध प्लाटिंग की जा रही है

बिना लेआउट स्वीकृत कराए बगैर प्लाटिंग की जा रही है कृषि भूमि को खरीद कर कॉलोनी बनाई जा रही है घर बनाने वालों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है नक्शा कुछ और है और प्लाटिंग की संख्या में अवैध तरीके से संख्या बढ़ाई जा रही है माफियाओ को पूरा सहयोग किसका हो रहा है राजनैतिक संरक्षण अब जमीन टुकड़ों टुकड़ों में जमीन बट रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार जन चर्चा का विषय है कि अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए शासन के द्वारा 2014 में आदेश जारी भी किया गया था कि 5 डिसमिल से कम जमीन की बिक्री पर रोक लगाई गई थी जिसका उल्लंघन माफियाओ के द्वारा किया जा रहा है ।

बिना अप्रूवल लेआउट के रजिस्ट्री करा ली गई है जानकारी में यह भी छुपाया गया कि जमीन प्लाटिंग के लिए ली गई है और खेती की जमीन दर्शा दी गई है (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग) शासन के नियमों का उल्लंघन करते हुए माफियाओं के द्वारा बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क पानी बिजली की सुविधा भी नहीं दी गई ईडब्ल्यूएस के लिए भूखंड भी नहीं छोड़ा गया है अतः जिस प्रयोजन में निर्धारित भूमि का उपयोग बिन्नी प्रयोजन हेतु किया जा रहा है या करना चाहते हैं तो नियमानुसार डायवर्सन किया जाना आवश्यक अनिवार्य होने के बावजूद भी ऐसा नहीं किया गया कानून के संपत्ति की परवाह किए बिना कृषि भूमि पर मकान आदि बनाने की अनुमति नहीं ली गई कृषि भूमि को गैर कृषि भूमि में परिवर्तित करने के बाद ही उस जमीन पर कोई निर्माण हो सकता है लेकिन इन सभी खसरा नंबरों पर ऐसा नहीं किया गया एवं बिना रूपांतरण की उद्देश्य के कृषि भूमि को व्यवसायिक भूमि बनाकर प्रयोजन हेतु विक्रय किया गया है अलग-अलग खसरा नंबरों पर काटे गए प्लाट का टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से नक्शा को पास कराए बिना प्लाटों की बिक्री की जा रही है बिना आबादी में दर्ज कर मध्यप्रदेश में बने कानून रैरा ऐक्ट से अप्रूवल माप बिना ही प्लाटिंग हो रही हैं शासन के नियमों का उल्लंघन कर कृषि भूमि को व्यवसायिक रूप से जमीन का विक्रय करने के नियमों मैं जमीन ले आउट के लिए सड़क नाली गार्डन के लिए 55 फीसदी जमीन रिजर्व रखनी पड़ती है बाकी की 45 परसेंट जमीन ही प्लाटिंग करके बेचा जा सकता है लेकिन ऐसा नहीं किया गया बिना किसी परमिशन के अवैध प्लाटिंग की गई जिसकी शिकायत भी स्थानीय निवासियों के द्वारा शिकायत की गई थी जिसका नतीजा आज तक कुछ नहीं निकला जिसमें यह मांग की गई थी कि जमीन की मौके पर जांच करके अनावेदको के ऊपर कठोर कार्रवाई करने की कृपा करें और अवैध प्लाटिंग को रोका जा सके लेकिन अनुविभागीय अधिकारी राजनगर के द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है जिसकी शिकायत अब जिला के मुखिया कलेक्टर से की गयी है अब देखना होगा कि जिला प्रशासन क्या कार्यवाही करती है ।

# खतरे के निशान से करीब पहुंचा नर्मदा का स्तर:जिला प्रशासन अलर्ट पर, राजघाट से सटे खेत जलमग्न होने लगे

फतवा समाचार ◈ बड़वानी



प्रदेश सहित जिले में हो रही बेहतर बारिश से नदी-नालों में उफान आ रहा हैं। साथ ही क्षेत्र में नर्मदा नदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा हैं। बड़वानी जिला मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर दूर राजघाट में नर्मदा का जलस्तर करीब 131.900 मीटर तक पहुंच गया हैं।

खतरे के निशान से करीब 8.600 मीटर ऊपर बह रही नर्मदा नदी के तटीय गांवों में फिर डूब का खतरा मंडराने लगा हैं। कछार क्षेत्र में हुई वर्षा और ऊपरी बांधों की टरबाइन से पानी छोड़ने से शहर के समीप नर्मदा नदी का जलस्तर बुधवार सुबह खतरे के निशान से करीब 8.600 मीटर ऊपर पहुंच गया।


नर्मदा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जलस्तर 131.900 मीटर से अधिक होने पर अब राजघाट से सटे खेत जलमग्न होने लगे हैं।राजघाट टापू पर जाने-आने के लिए अब सड़क पर नाव व बोट चलना शुरू हो गई है।

इस तरह की परिस्थितियों का यह लगातार पांचवां साल है। वर्ष 2019 से सरदार सरोवर बांध को पूर्ण निर्धारित क्षमता 138.600 मीटर तक भरा जा रहा है। बुधवार सुबह नर्मदा का जलस्तर करीब 131.900 मीटर के करीब पहुंच गया। इससे राजघाट मार्ग की पहली पुलिया जलमग्न हो गई है। कुछ किसानों के खेतों में जाने का रास्ता अवरुद्ध हो गया है। राजघाट टापू पर कुछ परिवार अब भी निवासरत हैं, इन्हें गुजरात में जमीन दी गई थी लेकिन वे इससे संतुष्ट नहीं हैं और यहीं आसपास जमीन दी जाने की मांग कर रहे हैं। खतरे के निशान के ऊपर नर्मदा के पहुंचने पर जिला प्रशासन व एनवीडीए विभाग भी अलर्ट हो गया हैं '

# तांत्रिक ने पूजा के नाम पर 52 लाख रु. व 250 ग्राम सोना ठगा

## मनावर निवासी पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

फतवा समाचार ◈ धार



पारिवारिक समस्याओं से तंग आकर मानसिक रूप से परेशान रहने लगा तो दो युवकों ने तांत्रिक से मिलाया। जिसने घर में भूत-प्रेत का साया बताते हुए नर्मदा किनारे हवन-पूजन कराया। इस बीच 52 लाख रुपए और 250 ग्राम सोना ठग लिया। इस घटना की जानकारी किसी को बता ना पाऊं इसलिए चार साल तक घर में नजरबंद रखा। जब ठगी का अहसास हुआ तो राशि मांगने पर बेटे की हत्या करने की धमकी दे रहे है। यह बात दिनेश जैन निवासी सदर बाजार मनावर ने एसपी मनोज कुमार सिंह से शिकायत करते हुए कहीं।

जैन ने बताया साढ़े चार साल पूर्व मनावर के समीर व अकलीम से परिचय होने पर दोनों ने सादलपुर निवासी कथित तांत्रिक मुश्ताक से मिलाया था। मुश्ताक ने घर पर भूत व सर्प दोष बताते हुए पूजा कराने पर शांति होने की बात कही। हां करने पर महेश्वर ले जाकर नर्मदा किनारे हवन कराया। जहां एक युवक को मृत दिखाने का भी नाटक रचाते हुए डराने का प्रयास किया। इसके बाद से पूजा के नाम पर बारी-बारी से 52 लाख रुपए और 250 ग्राम सोने की ठगी की।

घटना के बारे में किसी से बताने से मना करते हुए घर में ही कैद की तरह रहने को कहा। इसके बाद से ऐसा कुछ भी नहीं होने पर जब ठगी के बारे में पता चला तो दी गई राशि लौटाने को कहा तो तीनों ने बेटे की हत्या करने की धमकी दी। मेरी खुद की भी हत्या करने के लिए गत दिवस एक्सीडेंट भी कराया था। मेरे साथ कुछ भी अनहोनी हो सकती है। एसपी सिंह ने मामले की जांच कराते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# तालाब की सफाई के लिए आगे आए समाजसेवी





फतवा समाचार ◈ टीकमगढ़

शहर के लाइफ लाइन कहे जाने वाले महेंद्र सागर तालाब में फैली गंदगी और जलकुंभी की सफाई के लिए अब सामाजिक कार्यकर्ता आगे आए हैं। बुधवार को सुबह से विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग तालाब पर पहुंचे। उन्होंने घाटों के आसपास फैली जलकुंभी को बाहर निकाला। लोगों के सहयोग के लिए मछुआ समिति के सदस्य भी नाव और जाल लेकर पहुंच गए। सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ शर्मा ने बताया कि लंबे समय बाद इस बार महेंद्र सागर तालाब में जल भराव अच्छा हुआ है। तालाब भरने से जहां एक ओर लोगों में खुशी है। वहीं गंदगी और जलकुंभी से तालाब पर नहाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और नगर पालिका से कई बार इस मुद्दे को लेकर शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन तालाब की सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते अब सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने तालाब की सफाई के लिए प्रयास शुरू किया है। सामाजिक कार्यकर्ता जया श्रीवास्तव, सुरेश दौंदेरिया, गोलू अग्निहोत्री ने बताया कि हर दिन सुबह से 2 घंटे हम लोग तालाब की सफाई के लिए श्रमदान करेंगे। हमारी कोशिश है कि पितृपक्ष से पहले तालाब के महादेव घाट और पितृ तर्पण घाट की साफ सफाई हो सके। जिससे आने वाले श्राद्ध पक्ष में लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने बताया कि बीते दो दिनों से तालाब की सफाई का अभियान जारी है।

### मछुआ समिति के सदस्यों ने की सफाई

महेंद्र सागर तालाब की सफाई और जलकुंभी निकालने के लिए आज छुआ समिति के सदस्य नाव और जाल लेकर तालाब पर पहुंचे। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण रैकवार ने बताया कि नगर पालिका सीएमओ ने तालाब की सफाई के लिए बोला था। आज दो दर्जन से ज्यादा छुआ समिति के सदस्यों को लेकर तालाब की सफाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूरे तालाब में जलकुंभी फैली है। इसके लिए नगर पालिका को व्यवस्थित रूप से बजट जारी करना चाहिए।

# टीकमगढ़ के जंगल में पड़े मिले 6 क्विंटल से ज्यादा टमाटर, गांव के लोग लूटकर ले गए

फतवा समाचार ◈ टीकमगढ़



शहर से 4 किमी दूर सिद्धपुरा गांव के पास मंगलवार को सड़क किनारे बड़ी मात्रा मात्रा में टमाटर पड़े थे, जिनको लूटने के लिए आसपास के लोगों में होड़ मच गई। सुबह जब गांव के लोग शौच के लिए निकले तो टमाटर पड़े दिखाई दिए। सड़क किनारे टमाटर पड़े होने की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग मौके पर पहुंच गए। लोग बोरियों और थैलों में भर भरकर टमाटर घर ले गए।

गौरतलब है कि 3 दिन पहले टीकमगढ़ जतारा रोड पर टमाटर से भरा एक पिकअप वाहन चोरी हो गया था। टमाटर व्यापारी ने मामले की शिकायत मजना पुलिस चौकी में दर्ज कराई थी। पिछले 3 दिन से पुलिस टमाटर से भरे पिकअप वाहन का पता लगाने में जुटी थी। इस बीच मंगलवार को सुबह देहात थाना क्षेत्र के सिद्धपुरा गांव के पास सड़क किनारे बड़ी मात्रा में टमाटर पड़े होने की खबर फैल गई। देखते ही देखते आसपास के 3-4 गांव के लोग मौके पर पहुंच गए और टमाटर लूटने में जुट गए। लोग बोरियों, थैलों और पॉलीथिन में टमाटर भरकर ले गए। इस दौरान उन्हें रोकने वाला कोई नजर नहीं आया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आज सुबह जब कुछ लोग शौच के लिए जंगल की तरफ आए तो बड़ी मात्रा में टमाटर पड़े दिखे। उन्होंने जब गांव वालों को इसकी सूचना दी तो लोग टमाटर उठाने पहुंच गए। देहात थाने की पुलिस मौके पर पहुंची एसपी रोहित काशवानी को सिद्धपुरा गांव के पास सड़क किनारे टमाटर पड़े होने की सूचना मिली है तो उन्होंने तत्काल देहात थाना प्रभारी को मौके पर भेजकर मामले का पता लगाने के निर्देश दिए। फिलहाल यह कयास लगाए जा रहे हैं कि टमाटर से भरा पिकअप वाहन चोरी करने वाले लोगों ने ही सड़क किनारे टमाटर फेंके होंगे।

# जिले की प्रतिभाओं और सेवानिवृत्त 180 शिक्षकों का सम्मान करेगी समिति

फतवा समाचार ◈ धार

शिक्षक सम्मान समारोह समिति द्वारा 1 सितंबर 2022 से 31 अगस्त 2023 तक जनजातीय कार्य विभाग और शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए 180 शिक्षकों का सम्मान शिक्षक दिवस यानी 5 सितंबर को करेगी। जिले की विशिष्ट प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समिति की प्रारंभिक बैठक में रणनीति बनाई जा चुकी है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस और वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉड्र्स लंदन से सम्मानित समिति द्वारा विगत 39 वर्षों से सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान शॉल, श्रीफल, पुष्पहार और सम्मान पत्र देकर किया जाता है। साथ ही शिक्षकों के भोजन की व्यवस्था भी समिति द्वारा की जाती है। समारोह को वर्ष 2022 में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकाड्र्स लंदन और वर्ष 2018 में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का विश्व का सबसे अधिक वर्षों तक लगातार चलने वाला सम्मान समारोह घोषित किया था। समिति द्वारा अब तक 5400 से अधिक सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया जा चुका हैं। समिति द्वारा प्रतिवर्ष शहर और जिले की विशिष्ट प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाता है और राज्यपाल पुरस्कार, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाता है। समिति के प्रवक्ता आशीष गोयल ने बताया आयोजन को लेकर प्रारंभिक बैठक रामनारायण धाकड़, प्रभावती धाकड़, बबनलाल अग्रवाल, नारायण जोशी, सुरेश गोयल, ब्रजकिशोर बोड़ा, अरुणा बोड़ा, आदि की मौजूदगी में हो चुकी है।

# तीन राज्यों के विधायक जिले में: मंडल स्तरीय मूल्यांकन बैठक में कार्यकर्ताओं को बताया जीत का मंत्र

फतवा समाचार ◈ बड़वानी





भारतीय जनता पार्टी के समीपस्थ राज्य गुजरात, महाराष्ट्र व यूपी के विधायक बड़वानी जिले की चारों विधानसभाओं में सात दिवसीय संगठनात्मक प्रवास पर आए हुए हैं। मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि मंगलवार को अंजड मण्डल में यूपी कटरा के विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने मण्डल स्तरीय मूल्यांकन बैठक में हिस्सा लिया।

विधायक वीर विक्रम सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे राष्ट्रीय नेतृत्व ने भेजा है मेरा काम संगठन को मजबूती प्रदान करना है। पिछली विधानसभा हम कुछ वोट के अंतर से हारे है इस बार हमें प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करना है। प्रदेश और केंद्र सरकार की कई जन हितैषी व विकास की योजनाएं जमीन की धरातल पर मौजूद है जिसे आमजनों तक लेकर जाना है।

आप सभी लोग संगठन को मजबूती प्रदान करे कमल का फूल ही हमारा विधायक, सांसद व प्रधानमंत्री है और हमे कमल के फूल के लिए एक जुट होकर कार्य करना है। यह बैठक सरकार की योजनाओं को आमजनों तक बखान करने के लिए हैं।

वहीं जिला महामंत्री अजय यादव ने कहा कि हमे चुनाव कैसे लड़ना और जितना है इसी पर ध्यान देना है तथा हमे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। पूर्व नप अध्यक्ष राजा चौहान ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई व स्वागत भाषण नप अध्यक्ष मांगीलाल मुकाती द्वारा दिया गया। इस अवसर पर यूपी के विधायक वीर विक्रम सिंह ने पत्रकार बंधुओ, सोशल मीडिया कर्मियों, विचार परिवार, ट्रांपोर्ट व ड्राइवर एसोसिएशन, हम्माल यूनियन, सफाई कामगार यूनियन, व्यापारी एसोसिएशन, किसान बन्धु, अधिवक्ताओं, भाजपा के वरिष्ठजनों आदि से अलग-अलग बैठक आयोजित कर उनसे संवाद किया। बौठको का दौर देर रात्रि 9,30 बजे तक चलता रहा।

कार्यक्रम का संचालन शरद पटेल व आभार हरिकिशन कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर जप उपाध्यक्ष नारायण सिंह मण्डलोई, अंजना पटेल, सन्तोष बघेल, राजेन्द्र भावसार, गोविंद आवल्या, शिखरचंद जैन, रामेश्वर डाबरिय, लोकेंद्र तोमर, बाबू भाई बर्फा, पुष्पा शर्मा, आरती बंसल, सुनीता सेन, संगीता जादम, पार्षद द्वय मनोज शर्मा, अशोक उपाध्याय, श्यामू सिसौदिया, अंकित खण्डेलवाल, पुष्पेंद्र कुशवाह, कमल पाटीदार, अमन सोलंकी गणेश सोलंकी, लखन जगवा, मयंक पाटीदार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी तरह से बड़वानी जिले की बड़वानी विधानसभा के गन्धावल बोकरटा मण्डल में गुजरात कलोल के विधायक फतेहसिंह चौहान ने मण्डल की कार्यकरिणी, जनप्रतिनिधगण, वरिष्ठजनों के साथ बैठक आयोजित कर संवाद किया।तथा बड़वानी जिले की पानसेमल विधानसभा के निवाली मण्डल में महाराष्ट्र शाहदा के विधायक राजेश पाडवी ने मण्डल के वरिष्ठजनों, कार्यकर्ताओ व आदि संगठनों के साथ बैठक आयोजित कर भाजपा के विजय का मंत्र दिया।

# जिले में स्नेह यात्रा का गांव-गांव में हो रहा भव्य स्वागत

दुर्गेश बर्मन ◈ डिंडौरी



जिले में सातवें दिवस की स्नेह यात्रा मेंहदवानी विकासखण्ड के ग्राम राई से प्रारंभ हुआ। कन्याओं ने कलश रखकर यात्रा की अगुवाई की तथा ग्रामवासियों के द्वारा आदिवासी लोक नृत्य व स्वागत गीत से यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा में स्वामी जी के द्वारा कार्यक्रम स्थकल पर त्रिवेणी पौधा रोपित किया गया। संत श्री त्रिवेणी दास महाराज जी के द्वारा अपने उद्बोधन में परिवारों में संस्कार, खान पान का तरीका, बच्चों के संस्कार, आचार विचार के बिंदुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। महाराज जी ने सभा में उपस्थित ग्रामवासियों को स्नेहपूर्ण आपस में मिलजुल कर रहने के लिए कहा। आज की यात्रा राई से प्रारंभ होकर कुकर्रा, देवरगढ़, सूखलौडी, उमरिया, कठोतिया, सरसी, चिरपोटी, पडरिया व मेंहदवानी में सम्पन्न हुई। आज दोपहर में यात्रा का समरसता भोज ग्राम उमरिया और रात्रि भोज व विश्राम मेंहदवानी में सम्पन्न हुई। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुख्य संत स्वामी कालीनंद जी महाराज, दस महाविद्या शक्तिपीठ सैनिक सोसायटी जबलपुर, स्वामी त्रिवेणीदास जी महाराज केन्द्रीय मार्गदर्शक मण्डल विश्व हिन्दू परिषद भारत, समिति सदस्य संगठन मंत्री अखिल भारतीय संत समाज छ.ग., स्वामी विकास जी महाराज, जबलपुर आश्रम, संत विश्राम बाबा, मंगलदास जी महाराज, तुलाराम बाबा, गायत्री परिवार के प्रतिनिधि, पतंजलि योग, रामचंद्र मिशन और अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा जिला समन्वयक जन अभियान परिषद बद्री प्रसाद चैहान सहित विकासखण्ड अमरपुर के नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि, सीएमसीएलडीपी के मेंटर्स व छात्र-छात्राएं और ग्रामवासी शामिल रहे।

## कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने खरीदा गोंडी पेंटिंगयुक्त राखी हैम्पर

दुलीचंद मार्को ◈ मंडला

**स्व-सहायता समूहों ने बनाई आकर्षक राखियां**

जिले में नाबार्ड के प्रोजेक्ट अंतर्गत स्व-सहायता समूह द्वारा गोंडी पेंटिंग का सराहनीय काम विगत एक वर्ष से किया जा रहा है। राखी के त्यौहार के मौके पर समूह द्वारा गोंडी पेंटिंग राखियाँ बनायी गई है। इन रखियों के अलावा मंडला जिले में समूह की महिलायें द्वारा अन्य स्थानीय उत्पाद जैसे कोदो-कुटकी कुकीज, आवला कैंडी, बेल कैंडी इत्यादि बनाने का कार्य भी किया जाता है। यह खाद्य उत्पाद स्वादिष्ट एवं पौष्टिक होते हैं एवं बिना किसी मिलावट के शुद्धता से बनाये जाते हैं। समूह द्वारा बनाये गये उत्पादों को आकर्षक ह्लराखी हैम्परह्व के रूप में प्रस्तुत किया गया और विक्रय के लिए योजना भवन में रखा गया। इस नवाचार की प्रशंसा करते हुए कलेक्टर डॉ सलोनी सिड़ाना सहित सभी अधिकारियों ने अपने भाई एवं बहन के लिए ह्लराखी हैम्परह्व लिया। इस राखी हैम्पर में गोंड पेंटिंग वाली दो राखी, गोंड पेंटिंग वाला एक रूमाल, कुमकुम चावल, कोदो-कुटकी कुकीज एक पैकेट, अमला कैंडी एक पैकेट, बेल कैंडी एक पैकेट, एवं एक अमला लड्डू है। इस ह्लराखी हैम्परह्व की कीमत मात्र 450 रूपए रखी गई है। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने अपील की है कि हम सब त्यौहार के मौके पर विदेशी एवं मिलावटी उत्पादों को त्याग कर स्वदेशी अपनाते हुये स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करें।

# मेधावी छात्रों को मिलेगी आज ई-स्कूटी
## जिला स्तरीय कार्यक्रम, 133 छात्रों का चयन



दुर्गेश बर्मन ◈ डिंडौरी

विद्यार्थियों की हौसला अफजाई के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री निःशुल्क ई-स्कूली योजना के तहत डिंडौरी जिले के 133 शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शालाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 133 मेधावी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क ई-स्कूटी, आईसीसीई स्कूटी वितरण की जाएगी।

नई स्कूटी निर्माण वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम 23 अगस्त को कलेक्टेज्ट कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्राओं को निःशुल्क स्कूटी का वितरण किया जाएगा। स्कूटी वितरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन को लेकर शिक्षा विभाग डिंडौरी द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारी शुरू कर दी गई है।

23 अगस्त को कलेक्टेज्ट कार्यालय परिसर में आयोजित निःशुल्क स्कूटी वितरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों की तैनाती कर कार्यक्रम में वाहनों के पंजीयन, बैठक, स्वागत, टेंट, वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था आदि की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्कूटी वितरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों सहित सभी गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

# शैक्षणिक संस्थाओं को बेहतर करने स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा आवश्यक - डॉ. सिडाना

दुलीचंद मार्को ◈ मंडला

**जनजातीय कार्य विभाग के निर्माण तथा मरम्मत कार्यों की समीक्षा**





कलेक्टर डॉ सलोनी सिड़ाना ने आदिम जाति कल्याण विभाग के निर्माण तथा मरम्मत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा सभी कार्यों को 30 सितम्बर तक पूर्ण करायें। संबंधित उपयंत्री कार्यों की गुणवत्ता की सतत मॉनीटरिंग करते हुये आवष्यक तकनीकि सहयोग प्रदान करें। कलेक्टर ने गुणवत्तायुक्त कार्य नहीं करने तथा समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने वाली एजेंसियों पर आवश्येक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट सहित संबंधित उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिला स्तर से दल बनाकर अब तक किये कार्य का मूल्यांकन 31 अगस्त तक पूर्ण करायें। संस्था के भवन सहित अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में शाला शिक्षक भी भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं को बेहतर बनाने के लिये उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा आवश्यकक है। संस्था के शिक्षक निर्माण तथा मरम्मत कार्य में सहयोग करते हुये समुचित मॉनीटरिंग भी करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधीक्षक आश्रम एवं छात्रावास में रहने वाले बच्चों को अपना समझें। अपनी जिम्मेदारी समझते हुये बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करें।

# बड़वानी में नर्मदा खतरे से 8 मीटर ऊपर; ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग में भारी बारिश का अलर्ट



फतवा समाचार ◈ जबलपुर

मध्यप्रदेश में बुधवार को ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के जिलों में भारी बारिश के आसार हैं। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और उज्जैन में बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 28 अगस्त से मानसून पर एक बार फिर ब्रेक लग सकता है। ऐसा नए सिस्टम के एक्टिव नहीं होने से होगा।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि रीवा, सागर, शहडोल संभाग और इनसे लगे जिलों में बुधवार को बारिश का दौर रहेगा। इसके बाद धीरे-धीरे मौसम शुष्क होने लगेगा। मानसून की एक्टिविटी कम हो जाएंगी। इस कारण दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी।

तवा, बरगी से छोड़े गए पानी के कारण बड़वानी में नर्मदा नदी के पानी का लेवल बढ़ रहा है। बुधवार को बड़वानी से 5 किलोमीटर दूर राजघाट पर नदी का जलस्तर 131.900 मीटर पर पहुंच गया। नदी खतरे के निशान से 8.600 मीटर ऊपर बह रही है। राजघाट से सटे खेत डूब गए।

# मेयर इन काउंसिल की बैठक में शहर विकास की योजनाओं पर निर्णय

फतवा समाचार ◈ कटनी



नगर पालिक निगम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में शहर हित जनहित के लिए विभिन्न बिंदुओ पर ठोस निर्णय लिये गये। नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन काउंसिल की बैठक में एमआईसी सदस्यों में सर्वश्री संतोष शुक्ला अवकाश जायसवाल डॉ रमेश सोनी सुभाष साहू श्रीमती तुलसा बैन श्रीमती बीना बैनर्जी निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल की उपस्थिति रही। बैठक में मुख्य रूप से पर्यावरण विकास अंतर्गत कटायेघाट में रिवर फ्रंट विकास योजना रेल्वे स्टेशन के समीप इंदिरा गांधी शापिंग काम्पलेक्स होटल सम्राट के लीज नवीनीकरण सहायक राजस्व अधिकारी की पदोन्नति के संबंध में मंगल नगर में मथुरा तिवारी के घर के सामने से होकर बाबाघाट तक जाने वाले मार्ग का नामकरण पं. मथुरा तिवारी एडवोकेट मार्ग किये जाने नगर निगम के शहर विकास हेतु विभिन्न योजनायें तैयार कराये जाने हेतु वास्तुविद नियुक्त करने मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (तृतीय चरण) अंतर्गत बस स्टेण्ड निर्माण कार्य स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 33 दैनिक वेतन श्रमिकों की स्वीकृति पर निर्णय लिया गया। इस दौरान उपायुक्त पीके अहिरवार प्र. कार्यपालन यंत्री द्धय राहुल जाखड़ एवं के.पी. शर्मा स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहायक यंत्री सुनील सिंह सहायक राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सिटी मैनेजर यश रजक वाहन सुपरवाइजर अरविंद प्यासी सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

**जनादेश विजयराघवगढ़ के प्रति जनता में दिखा गजब का उत्साह 280 बूथों पर बुजुर्गों से लेकर युवा डालते दिखे अपना जनमत**

# गांव गांव पहुंचकर विधायक संजय पाठक ने मांगा आशीर्वाद

फतवा समाचार ◈ कटनी





लोकतंत्र व्यवस्था के इतिहास में पहली बार कटनी जिले की विजयराघवगढ़ विधानसभा में अनौखा जनादेश प्राप्त करने का कार्य पूर्ण रूप से प्रारंभ हुआ । जिसमें विधानसभा की सभी 280 पोलिंगों में मतपेटी और मतपत्रों के माध्यम से क्षेत्र के मतदाताओं ने विधायक संजय पाठक द्वारा कराये जा रहें जनादेश के तहत संजय पाठक आगामी चुनाव लड़ें या न लड़ें पर अपना हां और नही पर टिक लगाते हुए वोट डाला। आज दिन भर क्षेत्र के विधायक संजय पाठक सम्पूर्ण क्षेत्र गांव गांव जाकर मतदाताओं से संवाद करते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों एवं जनसुविधाओं उपलब्ध कराने के कार्यों आदि सेवा कार्य किए है । संवाद के दौरान कहा कि संपूर्ण विजयराघवगढ़ मेरा परिवार है। मैं अपना मूल्यांकन करना चाहता हूं कि मैं आपकी सेवा से आपका दिल जीता है यदि मैंने आपकी पूर्ण मनोयोग सेवा की है तो आपके दिए 50 % से अधिक जनादेश मिलने के बाद ही अगले चुनाव पार्टी से टिकट प्राप्त करते हुए आपके सामने सेवा के लिए आऊंगा और यदि 50 प्रतिशत से कम मत प्राप्त हुए तो मैं चुनाव नहीं लडूंगा। आप सभी के पास मत पेटी और मतपत्र आए हैं आप सभी पूर्ण पारदर्शिता के साथ वोट करें।

आगामी 25 अगस्त के दोपहर 12 बजे तक मतदान गांव-गांव, बूथ स्तर पर कार्यकर्ता कराते रहेगें। इस मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ता सोशल मीडिया और फेसबुक पर लाइव वोटिंग प्रसारण करेंगे जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता दिखे। इसके बाद परिणाम घोषित होगा।

# बिना लाइट का खम्भा रौशन कर रहा है नगर परिषद की बेपरवाही को




**कटनी ।** जी हां नगर के खितौली रोड में एक विद्युत पोल में बीते 20-25 दिनों से हाई लोजन लाइट खराब होने के कारण स्थानीय निवासियों ने कार्यालय नगर परिषद के लाइट कर्मचारियों को अवगत कराया कर्मचारी खराब हाई लोजन खोलकर ले गए और 20 दिन बीतने के बाद भी हाई लोजन नहीं लगाए स्थानीय निवासियों द्वारा जबभी हाई लोजन लगाने को कहा जाता है तो कर्मचारी कहते हैं कि हाई लोजन नहीं है परिषद खरीदी नहीं कर रही है,, अजब नगर परिषद है जनप्रतिनिधि कर्मचारियों का रोना रोते हैं कि हमारी नहीं सुनी जाती और कर्मचारी जनप्रतिनिधियों का रोना रो रहे हैं,, त्योहारी सीजन में भी लाइट की पर्याप्त व्यवस्था न होना नाकामी का पर्याय है। खैर बंद हाई लोजन लाइट के कारण स्थानीय निवासियों को आजादी का अमृत महोत्सव भी अँधेरे में गुजारना पड़ा है अब आगे के भी त्यौहार कहीं अन्धकार में न गुजरना पड़ें।

# टिकुरी में संचालित शराब दुकान के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

श्रीधर सिंह ◈ सतना।

कोटर थाना क्षेत्र के टिकुरी में संचालित शराब दुकान के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोलते हुए शराब की दुकान हटाने की मांग की ग्रामीणों का कहना है कि जब गोलहटा के नाम से दुकान है तो टिकुरी बस स्टैंड में क्यों खोली गई है जिसको लेकर के ग्रामीणों ने पहले भी आंदोलन कर चुके हैं उसके बाद भी आबकारी विभाग ने दुकान वहां से नहीं हटाई जिसके बाद आज फिर दोपहर से भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठे होकर और शराब दुकान के सामने पहुंच गए और वहां से दुकान हटाने की मांग करने लगे ग्रामीणों ने कहा कि जब तक दुकान नहीं हटेगी तो हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठ जाएंगे इसके बाद आबकारी विभाग के अधिकारियों ने मौखिक रूप से ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि जब तक टिकूरी से नहीं हटाई जाएगी शराब की दुकान तब तक ताला नहीं खोला जाएगा कोटर थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे वहीं पर कांग्रेस के नेता अजीत सिंह पटेल ने भी पहुंच गए और आबकारी विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे साथ ही भारी संख्या में ग्राम पंचायत के सरपंच और ग्रामीण मौजूद रहे विक्रम सिंह खोहर बिहार सरपंच रवि सिंह




सत्यवान सिंह पटेल कांग्रेस प्रदेश सचिव अजीत सिंह पटेल देवरा सरपंच लौलाछ सरपंच टिकुरी सरपंच सहित अन्य लोग मौजूद रहे। रोड में भी बैठ गए थे ग्रामीण चक्का जाम की दे रही थी चेतावनी। ग्रामीण रोड पर बैठकर और चक्काजाम की चेतावनी दे दी थी जिसके बाद अपकारी विभाग के ने निर्णय लेने में सफल रही और उन्होंने अपकारी विभाग के अधिकारियों ने मुख्य रूप से कहा है कि जब तक गुणवत्ता में दुकान नहीं शिफ्ट होगी तो यहां से बस ताला नहीं खोला जाएगा।

थाना कोलगवां पुलिस की बडी कार्यवाही

# 21 नग मवेशी से लोड ट्रक पकडा गया, 06 आरोपी गिरफ्तार

श्रीधर सिंह ◈ सतना।

दिनांक 22/08/2023 को दौरान रात्रिगस्त सूचना मिली कि ट्रक क्र. वढ 41 अळ 7239 मे कुछ लोग अवैध रूप से मवेशियों को ठूंस ठूंसकर भरकर सिविल लाईन से रीवा रोड तरफ जा रहे हैं जिस पर उक्त ट्रक को चेक किया गया तो ट्रक के कैबिन मे चालक के अलावा 03 व्यक्ति एवं ट्राली तरफ 02 व्यक्ति मिले जिनसे नाम पता पूछा गया तो ट्रक चालक ने अपना नाम आमिर निवासी प्रतापगढ (उ.प्र.), क्लीनर ने अपना नाम इमरान निवासी प्रतापगढ (उ.प्र.), कैबिन मे बैठे अन्य दो व्यक्तियों ने अपना नाम नबाब मोहम्मद निवासी मथुरा (उ.प्र.), भूरा निवासी मथुरा (उ.प्र.) का होना तथा पीछे ट्राली मे बैठे दो व्यक्तियों ने अपना नाम शरीफ खान एवं वसीर उस्मानी निवासी मथुरा (उ.प्र.) का होना बताये । जो ट्रक की तिरपाल के खुलवाकर अंदर देखा गया तो ट्रक के अंदर 10 नग मुर्रा दुधारू भैंसे, 03 नग साहीबाल दुधारू गाय तथा 07 नग भैंसों के बच्चे एवं 01 नग गाय का बच्चा इस प्रकार उक्त ट्रक मे कुल 21 नग मवेशी ठूंस ठूंसकर क्रूरतापूर्वक लदे (भरे) हुए पाये गये।



### नाम पता गिरफ्तार आरोपी-

- आमिर पिता मजीद अहमद २२ वर्ष निवासी ग्राम कुर्रा थाना कंधई जिला प्रतापगढ (उ.प्र.)
- इमरान पिता मजीद अहमद २० वर्ष निवासी ग्राम कुर्रा थाना कंधई जिला प्रतापगढ (उ.प्र.)
- नबाब मोहम्मद पिता सुबराती खान ५२ वर्ष निवासी ग्राम योन्नी थाना बलदेव जिला मथुरा (उ.प्र.)
- भूरा पिता अमीर बक्श 50 वर्ष निवासी ग्राम राजागढी थाना सुरीर जिला मथुरा (उ.प्र.)
- शरीफ खान पिता अमीर खान 35 वर्ष निवासी योन्नी थाना बलदेव जिला मथुरा
- वसीर पिता अकाली उस्मानी ५२ वर्ष दोनो निवासी ग्राम योन्नी थाना बलदेव जिला मथुरा (उ.प्र.)

# नशे के खिलाफ शिकंजा:रीवा में 3.20 लाख का 44 किलो गांजा जब्त, वढ से आई थी खेप, कार सहित एक तस्कर गिरफ्तार




फतवा समाचार ◈ रीवा

रीवा शहर की समान पुलिस ने नशे के खिलाफ शिकंजा कस दिया है। यहां आधी रात उत्तर प्रदेश से रीवा खेप लाई जा रही थी। इसी बीच मुखबिर से पुलिस को सटीक सूचना मिल गई। जानकारी के बाद समान पुलिस ने टीम बनाकर घेराबंदी कर दी। जैसे ही शहर में संदिग्ध कार गांजा लेकर प्रवेश की। वैसे ही पुलिस ने धर दबोचा है। कार की तलाशी में 3.20 लाख का 44 किलो गांजा मिला है।

समान थाना प्रभारी निरीक्षक जेपी पटेल ने बताया कि 21 अगस्त की रात करीब 10 बजे एक खबर आई। सूचनाकर्ता ने कहा कि एक गांजा तस्कर कार क्रमांक एमपी- 53 सीए 8269 में खेप लेकर रीवा शहर में प्रवेश कर रहा है। कार ग्रे कलर की है। चार पहिया वाहन के भीतर बड़ी-बड़ी दो बोरियों में अवैध मादक पदार्थ रखा है। समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो गांजा आगे निकल जाएगा। तस्कर गांजे को रीवा में किसी को सप्लाई करने वाला है। तुरंत थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। एसपी विवेक सिंह द्वारा गठित टीम ने दबिश दी। कार रोकवाने पर एक आरोपी दिखा। नाम पूछने पर नवीन मिश्रा पुत्र सीता प्रसाद मिश्रा 23 वर्ष निवासी चोरगड़ी थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी बताया। वाहन की तलाशी लेने पर दो बारियां दिखी। जिसमे 44 किलो 500 ग्राम गांजा था। जब्त गांजे की बाजार में अनुमानित कीमती 3.20 लाख रुपए है। वहीं कार की कीमत 10 लाख है। आरोपी के खिलाफ समान पुलिस ने 8/ 20 (बी) ठउ्धर एक्ट के तहत कार्यवाही की है। दबिश में प्रधान आरक्षक शिवाजी मिश्रा, दीपक पाण्डेय, बाबूलाल यादव, शिवाकांत शर्मा, नागेंद्र मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एसपी विवेक सिंह गांजा पकड़ने वाली टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# विजयवर्गीय बोले- विंध्य ने विकास की नई कहानी लिखी

## मैहर में मां शारदा के दर्शन कर पहुंचे रीवा, सेमरिया में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

फतवा समाचार ◈ रीवा

भारतीय जनता पार्टी ने रीवा के सेमरिया विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। विजयवर्गीय ने कहा कि पहले सड़कों की हालत ऐसी थी, जब मैं विद्यार्थी परिषद में कार्यकर्ता था, तो सतना से रीवा आने में चार घंटे लगते थे। उसके बाद भी मालिश करने के बाद ही शरीर कुछ काम करने के लायक हो पाता था, लेकिन आज रीवा ही नहीं, बल्कि समूचे विंध्य ने विकास की नई कहानी लिखी है।

इसका श्रेय भाजपा सरकार और विकास पुरुष राजेंद्र शुक्ल को जाता है। यहां हम सभी भाजपा कार्यकर्ता है। विंध्य क्षेत्र से भी मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं, लेकिन विकास के नाम पर यहां कुछ नहीं हुआ। विकास तो 2003 में भाजपा सरकार बनने के बाद हुआ है। देश का विकास भाजपा का सपना है। नरेंद्र मोदी ने कहा था कि मेरी सरकार गरीबों और देश को आगे बढ़ाने वाली सरकार होगी। उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के लोग खुशनसीब हैं कि उन्हें इतना तेज तर्रार विधायक मिला है यहां आने पर मैं उनकी बेहद लोकप्रियता, वक्तव्य शैली, विकास के प्रति समर्पण भाव, उनकी कविता शायरी देखकर दंग रह गया हूं।

मैहर में मां शारदा देवी के दर्शन किए

विजयवर्गीय मंगलवार सुबह इंदौर एयरपोर्ट से बाई प्लेन जबलपुर डुमना एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद बाई रोड रीवा जिले के सेमरिया के लिए रवाना हुए। रास्ते में सतना जिले के मैहर स्थित मां शारदा देवी के दर्शन कर कार्यकताओं से औपचारिक मुलाकात की। वहां इंडियन




काफी हाउस के सामने युवाओं ने जमकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय महासचिव विजयवर्गीय नेशनल हाईवे 30 के रास्ते अमरपाटन आए। वहां मैहर ढाबे के पास राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल ने सैकड़ों भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ मिलकर गर्भजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान सतना जिले के सीनियर भाजपा नेता, मंडल पदाधिकारी राज्यमंत्री के समर्थक मौजदू रहे। सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि रीवा में अभी विधानसभाओं में सबसे ज्यादा सेमरिया विधानसभा में काम हुआ है। कमलनाथ की सरकार बनने पर किसान कल्याण योजनाओं के 241236 लाभान्वितों के नाम में से 1,65,236 नाम काटने का काम किया था। प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, संबल योजनाओं से भारी संख्या में नाम काटे गए थे। कमलनाथ की कांग्रेस सरकार में भाजपा कार्यकताओं को प्रताड़ित किया जाता था, लेकिन संकट के समय भाजपा का नेता हमेशा कार्यकताओं के साथ खड़ा रहता है।

पूर्व मंत्री एवं रीवा विधायक राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि विंध्य भी भाजपा का गढ़ माना जाता है। विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सरकार व कोरोना के बाद बचे 2.5 साल में भी विकास के कार्य हुए हैं। हम तूफान से लाए हैं कश्ती निकाल के, इस सेमरिया विधानसभा को, विंध्य क्षेत्र को, प्रदेश और इस देश को कार्यकताओं रखना सम्हाल के। सेमरिया विधायक केपी त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी और राज्य में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार द्वारा सेमरिया विधानसभा के क्षेत्र में चमचमाती हुई अच्छी सड़कों का जाल बिछाकर गांव से गांव को सड़कों के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। आज पास के गांवों के बीच की दूरियों को कम किया जा रहा है।

# प्रिज्म सीमेंट फैक्ट्री में कर्मचारी की मौत परिजनों ने किया हंगामा, गेट पर रखा शव

**सतना।** सतना के रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र की प्रिज्म सीमेंट फैक्ट्री में एक कर्मचारी की मौत के बाद हंगामा हो गया। मृतक के परिजनों और साथियों ने शव को फैक्ट्री के गेट के सामने रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक, प्रिज्म जॉनसन सीमेंट कंपनी मनकहरी में कार्यरत मोहन लाल सोंधिया पिता गणेश प्रसाद सोंधिया (33) निवासी सिजहटा थाना रामपुर की मंगलवार को मौत हो गई। उसका शव अस्पताल से वापस पहुंचने पर परिजन और साथी शव लेकर फैक्ट्री के गेट पर आ गए और प्रदर्शन करने लगे। सड़क पर शव रखकर उन्होंने मुआवजे की मांग शुरू कर दी। एहतियाती तौर पर फैक्ट्री प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। लिहाजा रामपुर थाना प्रभारी यूपी सिंह फोर्स लेकर वहां पहुंच गए। बताया जाता है कि मृतक प्रिज्म सीमेंट में प्यून के तौर पर कार्यरत था। दोपहर में उसे बेचैनी महसूस हुई तो वह ऑफिस में बैठ गया। उसे कंपनी की एम्बुलेंस से सतना एक निजी नर्सिंग होम भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। माना जा रहा है कि उसकी मौत किसी हादसे के कारण नहीं बल्कि स्वाभाविक तौर पर दिल का दौरा पड़ने से हुई। बावजूद इसके परिजन फैक्ट्री

# कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हुई साप्ताहिक जनसुनवाई

फतवा समाचार ◈ अनूपपुर

आम जन की समस्याओं के निराकरण के तहत कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई में 114 लोगों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए। जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर श्री सीपी पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा उनके आवेदनों पर आवश?यक कार्यवाही सुनिश्चित की। आज जनसुनवाई में तहसील पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम बहपुर निवासी लवलेष प्रसाद महरा ने शैलेन्द्र जायसवाल द्वारा मोटर साईकल की किश?त की राशि लेकर श्रीराम फाइनेंस कंपनी में जमा न किए जाने, जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बदरा के निवासी मुकेश कुमार दुबे ने मजदूरी भुगतान के संबंध में, वार्ड क्र. 18 न्यू पीली दफाई मेन रोड जमुना भालूमाड़ा के बलवंत सिंह ने निजी स्वामित्व की भूमि में नगर प्रषासन द्वारा अतिक्रमण किए जाने, तहसील अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी के उदयपाल पटेल ने गौशाला निर्माण हेतु राषि दिलाए जाने, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बोदा की सरपंच राजकुमारी ने ग्राम पंचायत बोदा की रोजगार सहायक द्वारा वित्तीय अनियमितताएं किए जाने, वार्ड नं. 12 रेलवे कालोनी चेतना नगर अनूपपुर की दीपू सिंह परिहार ने पट्टे की जमीन पर बोर होने पर आर.पी.एफ. द्वारा रोक लगाए जाने, ग्राम पंचायत मेड़ियारास के वार्ड नं. 07 के ग्रामीणों ने बन्द रास्ता खुलवाए जाने आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए।

साप्ताहिक जनसुनवाई में 114 आवेदकों ने प्रस्तुत किए आवेदन




# बदतर हालात में शहर की सड़कें

## सबसे अधिक राजस्व देने वाले इलाके का हाल, कंधे पर बस्ता, हाथ में चप्पल लेकर कीचड़ से गुजरते है स्कूल बच्चे

फतवा समाचार ◈ सिंगरौली

मध्यप्रदेश को सबसे अधिक जिस राजस्व जिस इलाके से मिलता है, उस इलाके की तस्वीर देखकर आप हैरान हो जाएगे और सोचने को मजबूर हो जाएंगे कि प्रदेश सरकार के खजाने में सबसे अधिक राजस्व देने वाले वाले इलाके की तस्वीर ऐसे कैसे हो सकती है, लेकिन यह सच है ऐसी ही है।

प्रदेश की उजार्धानी सिंगरौली की तस्वीर, जहां देश का भविष्य यानि बच्चा कंधे पर बैग और हाथों में जूते चप्पल लेकर कीचड़ और गंदे पानी में गुजर कर अपने स्कूल पहुंच पाता है। इन तस्वीरों को देखने के बाद आप लगा सकते हैं विकास का अंदाजा, रास्ता भी खुद बच्चों से पूछता है कि विकास कहां है। गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने वाले मुख्य रास्ते की हालात बद से बदतर हो गए हैं

जिला मुख्यालय से महज 90 किलोमीटर दूर देवसर जनपद के पापल ग्राम पंचायत के गांव की यह तस्वीर है, जहां गांव के मासूम बच्चे रास्ते में भरे गंदे पानी और बदबूदार कीचड़ से गुजरकर चोटिल होते हुए स्कूल पहुंचते हैं। गांव के इस बदहाल रास्ते को लेकर मासूम बच्चों के साथ साथ ग्रामीण भी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि वह कई बार इस समस्या को लेकर संबंधित विभाग को अवगत करा चुके हैं, लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। यहां बाइक से निकल पाना तो दूर लोगों के लिए पैदल चलना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। थोड़ी सी बारिश होते ही पूरी सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। वहीं, अक्सर छात्र गिरकर जख्मी हो जाते हैं और उनकी ड्रेस खराब हो जाती है, क्योंकि इस स्कूल में जाने के लिए यह मुख्य सड़क है।

बताया जा रहा है पापल गांव के ग्रामीणों ने कई बार गांव के प्रधान से लेकर जिला कलेक्टर तक सड़क की समस्या को लेकर शिकायत कर चुके है लेकिन जिम्मेदार है कि सुनने को तैयार नहीं है। लिहाजा इसका खामियाजा गांव के छोटे छोटे मासूम स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीण भुगत रहें है। बरसात के समय में स्थिति तब दयनीय



हो जाती है जब कोई बीमार हालात में होता है और घर तक वाहन नही पहुंच पाता है, जिस वजह से खाट पर बीमार को अस्पताल पहुंचाया जाता है। वहीं इस पूरे मामले में डीएम अरुण परमार ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है , जल्द ही इस मामले में कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा।

# नवकरणीय ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए निगम अंश हेतु बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सौंपा 88 करोड़ रुपये की ऋण राशि का चेक



## मालती राय को निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए की उपस्थिति में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अधिकारियों ने सौंपा चेक

**भोपाल नप्र।** नगर निगम द्वारा विद्युत देयकों के वित्तीय भार को कम करने के दृष्टिगम निगम के जलशोधन संयंत्रों व अन्य कार्यालयों पर सोर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के साथ ही नीमच के समीप 21 मेगावाट सौर ऊर्जा एवं 15 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की जा रही है। इन परियोजनाओं में निगम अंश की राशि की व्यवस्था हेतु बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 88 करोड़ रुपये का ऋण नगर निगम भोपाल के पक्ष में स्वीकृत किया है। ऋण राशि का चेक मंगलवार को बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अधिकारियों ने महापौर श्रीमती मालती राय को निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. की उपस्थिति में सौंपा। इस अवसर पर अपर आयुक्त गुणवंत सेवतकर व पवन कुमार सिंह सहित निगम के अन्य अधिकारी व बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अधिकारी मौजूद थे।

नगर निगम भोपाल द्वारा नवकरणीय ऊर्जा परियोजना लगाने के दृष्टिगत नीमच के समीप रामपुरा तहसील में 21 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र एवं 15 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं साथ ही निगम के भवनों पर भी लगभग 20 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा रहे है।

इन सभी परियोजनाओं पर लगभग 250 करोड़ रुपये की लागत अनुमानित है इसमें से निगम का अंश 88 करोड़ रुपये है। निगम द्वारा अपना अंश प्रदाय करने हेतु 15 वर्ष की अवधि के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र से 88 करोड़ रुपये का ऋण लिया है। उक्त ऋण राशि के चेक आई.एस.बी.टी स्थित महापौर कार्यालय में महापौर श्रीमती मालती राय को निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. की उपस्थिति में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अधिकारियों द्वारा 88 करोड़ रुपये की राशि का चेक प्रदाय किया गया।

नगर निगम द्वारा आगामी 25 वर्षों के लिए पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा परियोजनाओं को स्वीकृत किया गया जिसके तहत आगामी 25 वर्षों तक संबंधित कम्पनियों द्वारा समान दर से बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, चाहे बिजली की दरे कितनी भी बढ़ जाए। वर्तमान बिजली दर के आधार पर प्रतिवर्ष नगर निगम भोपाल को 14.1 करोड़ रुपये की बचत होगी और बचत का यह आकड़ा प्रतिवर्ष अनुसार बढ़ता चला जाएगा।

# नशे में धुत रेल कर्मचारी ने बर्थ पर कर दी पेशाब

### आसपास की सीटों पर सोये थे यात्री, वीडियो आया सामने

**भोपाल नप्र।** नशे में धुत एक रेल कर्मचारी ने चलती ट्रेन में लोअर बर्थ पर बैठे-बैठे पेशाब कर दी। यह मामला संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच का है।घटना के वीडियो सामने आया है। बीते 9 अगस्त की रात जबलपुर से हजरत निजामुद्दीन स्टेशन की ओर जा रही ट्रेन के एसी कोच बी-6 में पेशाब करने वाला रेल कर्मचारी जबलपुर रेल मंडल का है। घटना के वक्त सभी यात्री सो रहे थे, इस वजह से मामला दब गया। हालांकि इस दौरान वहां मौजूद एक यात्री ने कर्मचारी की इस हरकत का वीडियो बना लिया, जो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है। इधर घटना की जानकारी लगते ही जबलपुर रेल मंडल में हड़कंप मच गया है। डीआरएम विवेक शील ने मामले ने जांच के आदेश दे दिए हैं। वहीं वीडियो बनाने वाले शख्स की भी तलाश की जा रही है ताकि घटना से जुड़े सभी तथ्य सामने आ सकें। कोच में यात्री सीट पर पेशाब करने वाला कर्मचारी का नाम दशरथ कुमार बताया जा रहा है। वह जबलपुर रेल मंडल के मैकेनिकल विभाग में ओएस के पद पर पदस्थ है। दशरथ 10 अगस्त को दिल्ली में न्यू पेंशन स्कीम को लेकर हो रहे राष्ट्रव्यापी आंदोलन में शामिल होने जा रहा था। ट्रेन में ही उसने इतनी अधिक मात्रा में शराब पी ली थी कि उसे यह होश ही नहीं रहा कि वह यात्री सीट पर पेशाब कर रहा है। चलती ट्रेन में यात्री सीट पर पेशाब करने का यह पहला मामला नहीं है। कुछ साल पूर्व इंदौर से जबलपुर आ रही ओवरनाइट एक्सप्रेस में भी ऐसा ही एक मामला सामने आ चुका है। इस दौरान एक वरिष्ठ अधिकारी ने नशे में धुत होकर चलती ट्रेन में यात्री सीट के पास पेशाब कर दी थी जिसका विरोध सहयात्रियों के साथ भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने किया था।



भोपाल में मंगलवार को सीएम हाउस के समक्ष एनएचएम संविदा आउटसोर्स स्वास्थ कर्मचारी ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया ।

# टिकट के लिए धौंस देने वाला आबकारी कंट्रोलर लाइन अटैच, आडियो वायरल होने के बाद गिरी गाज

**भोपाल नप्र।** राजधानी में पंजाबी गायक के एक कार्यक्रम के नि:शुल्क टिकट की मांग कर रहे आबकारी कंट्रोलर सजेंद्र मोरी को लाइन अटैच कर दिया गया है। आबकारी कंट्रोलर का आडियो वायरल होने के बाद यह गाज गिरी है। बताया जा रहा है कि अधिकारी पंजाबी गायब बी प्राक के जिस कार्यक्रम का पास मांग रहे थे, उसमें एक टेबल पर 10 लोगों के बैठने के लिए पास की कीमत डेढ़ लाख रुपये से अधिक थी। इसमें 10 व्यक्तियों के प्रवेश के साथ लिकर और खान-पान की व्यवस्था थी। इस मामले में मैनेजर और आबकारी कंट्रोलर के दो आडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हुए हैं। इसमें वो फ्री पास देने में आनाकानी करने पर मैनेजर से बोल रहे हैं कि 10 पास के लिए इतने फोन लगाने पड़ें तो यूनिफार्म दीवार में टांग देंगे1 इधर आयोजकों ने बताया कि बी प्राक के कार्यक्रम में लोगों की संख्या के अनुसार फ्रंट की टेबल का किराया डेढ़ से ढाई लाख रुपये जबकि स्टैंडिंग टेबल का किराया 50 से 75 हजार रुपये के बीच था। लेकिन आबकारी कंट्रोलर इसे निश्शुल्क चाहते थे। प्रसारित दूसरे आडियो में जब क्लब का मैनेजर सजेंद्र मोरी को पास भिजवाने के लिए उनसे पूछता है, तो कहते हैं कि अब मैं आफिस से घर जा रहा हूं। और इस तरफ छोटे से काम के लिए बार-बार फोन मत लगाओ। पहले मेरे बारे में जान लो। मैं कोई कांस्टेबल नहीं, जो आप कभी भी फोन करो। यदि 10 पास के लिए इतनी बार फोन लगाना पड़े तो फिर ये वर्दी दीवार में टांग देंगे।

# मप्र में रुक-रुककर वर्षा का दौर जारी, ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर और शहडोल के लिए अलर्ट

**भोपाल नप्र।** मप्र में रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। सोमवार को राजधानी में भी पूरे दिन बादल छाए रहे और रुक-रुककर बूंदाबांदी होती रही। इसके कारण तापमान बढ़ा तो नहीं, लेकिन वर्षा की मात्रा बेहद कम होने के बीच उमस ने जरूर सताया। मंगलवार से राजधानी सहित कई इलाकों में मौसम खुल जाएगा। वहीं, विभाग ने ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर और शहडोल में बारिश के लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की माने तो मध?य प्रदेश में वर्तमान में तीन मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। इसके कारण वर्षा के आसार बन रहे हैं। सोमवार को गुना में चार, इंदौर 2.4, सतना दो, मालाजखंड में दो, धार में दो, शिवपुरी में दो, उज्जैन में 0.6 और सागर में 0.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि प्रदेश के पूर्व-उत्तर और छत्तीसगढ़ के हिस्से में निम्न दाब क्षेत्र सक्रिय था। साथ ही चक्रवाती घेरा भी था। एक दिन पहले यह चक्रवाती घेरा प्रदेश के मध्य क्षेत्र में आ गया। इससे प्रदेश के मध्य क्षेत्र में वर्षा के आसार बने। विभाग का अनुमान है कि यह प्रणाली महज 24 घंटे के लिए बनी थी। यह स्वत- कमजोर पड़ रही है, इसके बाद से मंगलवार से मौसम खुलेगा। वहीं उत्तरी मध्यप्रदेश में अगले दो दिन वर्षा के आसार बने हुए हैं। मानसून द्रोणिका जैसलमेर, कोटा से मप्र में बने कम दबाव के क्षेत्र से होकर रायपुर, गोपालपुर से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीजल चोरी कर रहे चालक को नौकरी से निकाला


**भोपाल नप्र।** वाहन के टैंक में पाइप डालकर डीजल की चोरी कर रहे नगर निगम के एक वाहन चालक को नौकरी से निकाल दिया है। इतना ही नहीं, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी जारी किए है। नगर निगम में डीजल चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही। ताजा मामला जोन क्रमांक 13 का है। इंटरनेट पर प्रसारित वीडियो में चालक वाहन के टैंक में पाइप लगाकर डीजल चोरी करता दिख रहा है। नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने मामले की जांच कराने व दोषी पाए जाने पर चालक के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। हालांकि इस पूरे मामले में पूर्व की तरह चोरी की इन घटनाओं को सह देने वाले कुछ जिम्मेदार बच गए हैं। बता दें कि पूर्व में भी डीजल चोरी के वीडियो सामने आते रहे हैं। जोन क्रमांक 13 के एएचओ विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि वायरल वीडियो में कचरा वाहन से डीजल निकालते दिख रहे चालक का नाम कृष्ण कुमार है। वह बीते पांच वर्षों से नगर निगम में दैनिक वेतन भोगी के रुप में काम कर रहा था। मामला संज्ञान में आने के बाद चालक को नौकरी से हटा दिया है। इस मामले की जांच की जाएगी। उसके बाद जो भी तथ्य सामने आते हैं, उसके आधार पर कार्रवाई होगी। चालक ने अधिकारियों को बताया कि इंटरनेट मीडिया में प्रसारित वीडियो बीते तीन माह पुराना है। टैंक में लीकेज होने की वजह से वह डीजल प्लास्टिक की बोतलों में भर रहा था। जब उच्च अधिकारियों ने उससे टैंक सुधरवाने के बारे में पूछा तो बताया कि उसने अपने पैसे से डीजल टैंक की मरम्मत कराई थी। हालांकि अभी जांच के बाद ही डीजल चोरी की पुष्टि हो सकेगी।

### गदर-2 में फिर मचा गदर शोर मचाने के विवाद में पिता-पुत्र की बेल्ट से पिटाई

**भोपाल नप्र।** टीटी नगर थाना इलाके में रंगमहल टॉकीज में सनी देओल की फिल्म गदर-2 के शो के दौरान शोर मचा रहे कूछ युवको को मना करना परिवार के साथ फिल्म देख रहे पिता-पुत्र को भारी पड़ गया। आरोपियो युवको ने फिल्म खत्म होने के बाद उनकी लातो, घुसों सहित बेल्ट से धुनाई लगा दी। पुलिस के अनुसार ऋषि नगर चार इमली में रहने वाले 41 वर्षीय देवेन्द्र रजक ने बताया की वह पील्यूडी विभाग में नौकरी करते हैं। बीती 20 अगस्त को वह परिवार के साथ गदर-2 फिल्म का छह से नौ बजे वाला शो देखने रंगमहल टॉकीज गए थे। आगे की सीटो पर देवेन्द्र उनकी पत्नि, बेटा और बेटी बैठे थे, वहीं उनके पीछे की सीटो पर सुमित कोल, टीटू, हरभजन, शुभम पंडा नामक युवक फिल्म देख रहे थे, जो फिल्म के दौरान लगातार शोर मचा रहे थे। फरियादी ने उन्हें शोर मचाने से मना किया जिसपर आरोपी उनसे दुर्व्यवहार करने लगे। जब उनके बेटे ध्रुव ने बीच में बोला तब आरोपियो ने उन्हें फिल्म खत्म होने के बाद देख लेंने की धमकी दी। फिल्म खत्म होने के बाद देवेन्द्र बेटे ध्रुव के साथ पार्किंग से गाड़ी निकाल रहे थे। उसी दौरान चारों आरोपी लड़के वहां आ धमके और उन्होनें ध्रुव को बेल्ट से पीटना शुरु कर दिया। बेटे को बचाने जब पिता देवेन्द्र बीच में आये तब युवको ने दोनो को ही हाथ, मुक्को और बेल्ट से जमकर पीटा जिससे पिता-पुत्र को चोटें आई हैं। मारपीट के बाद आरोपी उन्हें मार डालने की धमकी देकर फरार हो गए। बाद में थाने पहुंचे फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### सेवढ़ा में रतनगढ़ वाली माँ का अद्भुत लोक बनेगा, इसी साल खुलेगा सीएम राइज स्कूल

# प्रदेश का विकास और जनता का कल्याण मेरा लक्ष्य- चौहान



### योजना से अभी और बहनें जुड़ेंगी

लाड़ली लक्ष्मी, कन्या विवाह/निकाह योजना के बाद लाड़ली बहना योजना के माध्यम से बहनों को उनका सम्मान और हक दिया जा रहा है। योजना में मिलने वाले 1000 रूपये केवल राशि नहीं, बल्कि बहनों का सम्मान और अधिकार है। योजना से अभी सवा लाख बहनें जुड़ी हैं, अभी और बहनें जुड़ेंगी। धीरे-धीरे यह राशि बढ़ाकर 3000 रूपये की जायेगी। चौहान ने कहा कि प्रदेश में बहनों को सशक्त बनाने के लिये स्थानीय निर्वाचन में उन्हें 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। आज बड़ी संख्या में बहनें पंचायत एवं नगरीय निकायों में सरकार चला रही हैं। पुलिस में बड़ी संख्या में बेटियाँ हैं। संबल योजना में बहनों को 16 हजार रूपये प्रसूति सहायता दी जाती है। मध्यप्रदेश में बेटियों के प्रति दुराचार करने वालों के लिये फाँसी का प्रावधान है। आजीविका मिशन के माध्यम से हर बहन की आय कम से कम 10 हजार रूपये महीना करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**भोपाल नप्र।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सेवढ़ा क्षेत्र में रतनगढ़ वाली मैया का अद्भुत लोक बनाया जायेगा। इसके लिये 5 करोड़ की राशि भिजवाई जायेगी। उन्होंने सेवढ़ा नगर के विकास के लिये भी 5 करोड़ की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की और कहा कि नया बस-स्टेण्ड और नगर पालिका भवन भी बनाया जायेगा। सेवढ़ा में इसी साल सीएम राइज स्कूल खुलेगा।

मुख्यमंत्री चौहान आज दतिया जिले के सेवढ़ा में जन-दर्शन के दौरान लाड़ली बहना सम्मेलन में बड़ी संख्या में उपस्थित बहनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिये 159 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि-पूजन किया। लाड़ली बहनों ने उन्हें राखी बाँधी और एक बड़ी राखी भेंट की।

मुख्यमंत्री चौहान ने पुष्प-वर्षा कर बहनों का स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत का गौरव चन्द्रयान-3 चन्द्रमा की सतह पर उतरने वाला है। देश और प्रदेश में निरंतर विकास हो रहा है। सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई आदि सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य हुआ है।

सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिये कार्य कर रही है। प्रदेश का विकास और जनता का कल्याण ही मेरा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में बहन-बेटियों को सशक्त बनाने के लिये निरंतर कार्य किये जा रहे हैं।

## किशोरी को किया अगवा, पुलिस ने किया दस्तयाब, अगले दिन फिर लेकर भाग गया

**भोपाल नप्र।** पिपलानी पुलिस ने एक ऐसे आरोपी के खिलाफ अगवा कर दुष्कर्म करने सहित पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया है, जो किशोरी को पहले गायब किशोरी को पुलिस के दस्तयाब करने के बाद अगले ही दिन फिर से अगवा कर ले गया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आनंद नगर में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी आठवीं कक्षा की छात्रा है। उसके माता-पिता मजदूरी करते हैं। उसके मोहल्ले में ही आरोपी विकास मीना नामक युवक भी रहता है। एक ही इलाके में रहने के कारण दोनों के बीच पहचान हो गई थी, पहचान के दौरान ही विकास ने नाबालिग को अपने प्रैम जाल में फांस लिया और फिर शादी करने का झांसा देकर अगवा कर अपने साथ ले गया। परिवार वालो ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन जब किशोरी की कोई जानकारी नहीं लगी तब उन्होनें उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करा दी। पुलिस ने उसे दस्तयाब कर लिया, लेकिन अगले ही दिन आरोपी उसे फिर से अगवा कर आष्टा जिले में ले गया। वहॉ उसने किशोरी के साथ ज्यादती की। बीते दिनो आरोपी उसे भोपाल लेकर आया था। यहां आने पर किशोरी ने जैसै तैसै अपने भाइ से सपर्क कर उसे सारी बात बताई। इसके बाद परिवार वाले उसे लेकर थाने पहुंचे जहॉ किशोरी ने सारी बात पुलिस को बताई। । पुलिस ने विकास के खिलाफ अगवा कर बंधक बनाकर बलात्कार करने सहित पोक्सो एक्ट का प्रकरण दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये है।

# 21 से 22 वर्ष की 4 लाख 77 हजार से ज्यादा महिलाएं बनी लाड़ली बहना के लिए पात्र

### एक लाख 26 हजार ट्रेक्टर स्वामी परिवार की महिलाओं को भी मिलेगा हर माह 1 हजार रूपये

**भोपाल नप्र।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक स्वालंबन, उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लाड़ली बहना योजना की शुरूआत की। योजना में पूर्व में 23 से 60 वर्ष की लगभग 1 करोड़ 25 लाख महिलाओं को एक हजार रूपये प्रति माह उनके खातों में अंतरित किए गए। मुख्यमंत्री चौहान ने योजना के लिए पात्रता की आयु सीमा को 23 वर्ष से घटाकर 21 वर्ष तथा ऐसी महिलाएँ जिनके परिवार में ट्रेक्टर है को भी योजना का लाभ देने का निर्णय लिया। इसमें प्रदेश की 4 लाख 77 हजार 199 महिलाएँ हर माह एक हजार रूपये का लाभ पाने के लिए पात्र हो गई है। इसमें सागर से सर्वाधिक 19 हजार 288, राजगढ़ 15 हजार 392, छतरपुर 14 हजार 776, शिवपुरी 14 हजार 745,



उज्जैन 14 हजार 584, मुरैना 14 हजार 274, रीवा 13 हजार 565, इंदौर 12 हजार 986, जबलपुर 12 हजार 064, सतना 12 हजार 33, धार 11 हजार 876, दमोह 11 हजार 743, विदिशा 11 हजार 114, मंदसौर 11 हजार 27, देवास 10 हजार 881, छिन्दवाड़ा 10 हजार 986, भिण्ड 10 हजार 757, टीकमगढ़ 10 हजार 605, गुना 10 हजार 621, सीहोर 10 हजार 241, रतलाम 9 हजार 597, खरगौन 9 हजार 800, सीधी 692, रायसेन 9 हजार 405, ग्वालियर 9 हजार 708, सिंगरौली 9 हजार 115, बडवानी 8 हजार 906, भोपाल 8 हजार 618, नरसिंहपुर 8 हजार 588, सिवनी 8 हजार 186, पन्ना 8 हजार 100, शाजापुर 8 हजार 736, कटनी 8 हजार 541, बालाघाट 7 हजार 893, खण्डवा 7 हजार 678, शहडोल 7 हजार 789, अशोकनगर 7 हजार 174, दतिया 6 हजार 801, बैतूल 6 हजार 651, नर्मदापुरम 6 हजार 781, मण्डला 6 हजार 089, आगरमालवा 5 हजार 901, बुरहापुर 5 हजार 394, झाबुआ 5 हजार 334, नीमच 5 हजार 492, श्योपुर 4 हजार 666, डिण्डोरी 4 हजार 042, अनूपपुर 4 हजार 215, उमरिया 4 हजार 554, अलीराजपुर 3 हजार 708, निवाड़ी 3 हजार 512 और हरदा में 2 हजार 975 महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलेगा।

## नन के साथ आशिर भवन में रह रही 17 साल की किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल नप्र।** शहर के अयोध्या नगर थाना इलाके में 17 साल कि किशोरी द्वारा फांसी लगाकर जान देने की घटना सामने आई है। बताया गया है कि पिता की मौत के बाद से किशोरी भोपाल में नन के पास आकर रह रही थी। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से गुट्टास रोड, गुआ थाना बिछिया, जिला मंडला की रहने वाली 17 वर्षीय राज प्यारी पिता स्व. कुंवर सिंह अहिंसा विहार कॉलोनी स्थित आशिर भवन (क्रिश्चियन भवन) में नन के साथ रह रही थी। उसकी मां और दो भाई मंडला मे ही रहते है। इस भवन मे नर्स, नन और बच्चे रहते हैं। बीती सुबह करीब 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि राज प्यारी ने अपने कमरे फांसी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर पहुंची ने घटना स्थल की जॉच के बाद मामला कायम कर शव को पीएम के लिये भेज दिया है।

### गरीब परिवारों की जिंदगी बदलना है मिशन - मुख्यमंत्री चौहान

# सीएम ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को पहनाई चरण पादुकाएं और भेंट की पानी की बॉटल

### विकास की श्रृंखला को निरंतर आगे बढ़ायेंगे : सिंधिया



**भोपाल नप्र।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए है। मध्यप्रदेश की धरती पर कोई भी गरीब जमीन के बिना नहीं रहेगा। प्रदेश में मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना का क्रियान्वयन जारी है।

शिवपुरी में 27 हजार लोगों को पट्टे उपलब्ध कराए गए हैं। यदि कोई छूटा होगा तो उसे भी भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। शीघ्र ही पोहरी के बैराड़ में महाविद्यालय आरंभ किया जाएगा। वे आज पोहरी जिला शिवपुरी में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहकों को संबोधित कर रहे थे। चौहान ने कहा कि राज्य सरकार ने जल, जंगल और जमीन के मामलों में जनजातीय भाई-

### जारी है गरीब कल्याण का महाअभियान

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेतृत्व में गरीब कल्याण का महाअभियान जारी है। शीघ्र ही प्रधानमंत्री मोदी प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराएंगे। प्रदेश में हर जरूरतमंद परिवार को आवास उपलब्ध कराया जाएगा। जो परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना में छूटेंगे, उन्हें मुख्यमंत्री जन आवास योजना में मकान बनाने के लिए राशि उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश में कोई भी परिवार आवास से वंचित नहीं रहेगा।

बहनों के सशक्तिकरण का नया शंखनाद किया है। तेंदूपत्ता संग्राहकों का जीवन सरल बनाने के लिए चरण पादुका योजना में तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को जूते, चप्पल, साड़ियां, पानी की बॉटल, छाता तथा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

### गरीब परिवारों की जिंदगी बदलना है मिशन

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि गरीब परिवारों की जिंदगी बदलना हमारा संकल्प है। पढ़ाई, इलाज, विवाह में सहायता की व्यवस्था हमारी सरकार द्वारा की गई है। जो युवा काम सीखना चाहते हैं उनके लिए मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना लागू की जा रही है। काम सीखने के दौरान युवाओं को 8 हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड भी उपलब्ध कराया जाएगा। पढ़ाई में विद्यार्थी आगे बढ़ें, इसमें प्रोत्साहन और सहयोग के लिए विद्यार्थियों को साइकिल और स्कूटी उपलब्ध कराई जा रही है। बहन-बेटियों के सशक्तिकरण के लिए लाड़ली बहना योजना में प्रतिमाह उन्हें एक हजार रुपए उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसे बढ़ाकर 3 हजार रुपए किया जाएगा। तीर्थ-दर्शन योजना में परिवार के बुजुर्ग व्यक्तियों को हवाई जहाज से तीर्थ-यात्रा कराने की व्यवस्था की गई है।

## एशिया कप की टीम इंडिया में 4 बड़ी खामिया

# एक भी लेफ्ट आर्म पेसर, लेग स्पिनर और ऑफ-स्पिनर मौजूद नही




एशिया कप के लिए BCCI ने टीम इंडिया की घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा की कप्तानी में 17 सदस्यीय स्क्वॉड चुना गया है। संजू सैमसन बैकअप विकेटकीपर बनकर श्रीलंका जाएंगे, क्योंकि टीम में शामिल केएल राहुल अब भी इंजरी से पूरी तरह उबरे नहीं हैं। अगर राहुल टूनामेंट से बाहर हो गए तो उनकी जगह सैमसन को स्क्वॉड में शामिल कर लिया जाएगा। राहुल अगर पूरी तरह फिट नहीं हैं तो उन्हें टीम में चुनने का रिस्क क्यों लिया गया? नंबर-4 पोजिशन पर बैटिंग करने वाले श्रेयस अय्यर अगर फिट हैं तो उनकी पोजिशन पर 2-2 खिलाड़ी क्यों हैं? श्रीलंका में ज्यादातर पिचें स्पिनर्स के लिए मददगार हैं, बावजूद इसके टीम में एक भी लेग स्पिनर और ऑफ स्पिनर नहीं है। टीम में 6 पेसर भी रखे गए, लेकिन इनमें एक भी लेफ्ट आर्म पेसर नहीं है। आगे स्टोरी में हम एशिया कप के लिए सिलेक्टेड टीम इंडिया की इन्हीं 4 खामियों को विस्तार में जानेंगे। सबसे पहले देखते हैं 17 सदस्यीय स्क्वॉड के हिसाब से भारत की पॉसिबल प्लेइंग-11 क्या रहेगी और किन्हें बेंच पर बैठना पड़ सकता है।

ईशान किशन ने पिछली 3 पारियों में 3 फिफ्टी लगाई, उनके नाम एक दोहरा शतक भी है। हालांकि ये स्कोर उन्होंने ओपनिंग करते हुए बनाए, जबकि राहुल अगर नहीं खेले तो ईशान को नंबर-5 पर आना पड़ेगा, जहां उन्होंने अब तक वनडे में बैटिंग नहीं की। नंबर-4 पर उन्होंने 6 पारियां जरूर खेलीं, लेकिन 21.20 की औसत से 106 रन ही बना सके। यानी वह मिडिल ऑर्डर पोजिशन पर कमजोर हैं।

संजू सैमसन बैकअप विकेटकीपर हैं, जो भारत के लिए 13 वनडे में से 10 बार नंबर-4 से नंबर-6 पर ही उतरे। इनमें उन्होंने 67 की औसत से 335 रन बनाए, जिनमें 3 फिफ्टी शामिल हैं। जबकि 2 बार नंबर-3 पर बैटिंग करते हुए वह 27.50 की औसत से 55 रन ही बना सके। यानी, सैमसन मिडिल-ऑर्डर में नंबर-4 से नंबर-6 की पोजिशन पर मजबूत हैं। केएल राहुल नहीं खेले तो टीम ईशान को प्लेइंग-11 में शामिल करेगी। अगर टीम उनसे ओपनिंग कराती है तो शुभमन, रोहित, विराट और श्रेयस को अपनी पोजिशन बदलनी होगी। ईशान अगर नंबर-5 पर उतरेंगे तो मिडिल-ऑर्डर कमजोर होगा, क्योंकि इस पोजिशन पर वह ज्यादा रन नहीं बना सके हैं, लेकिन सैमसन अगर टीम

### राहुल शुरूआती मैच नहीं खेलेंगे तो सैमसन बैकअप में क्यों



चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने कहा कि केएल राहुल पूरी तरह फिट नहीं हैं और वह एशिया कप के शुरूआती मैच मिस कर सकते हैं। वह वनडे में नंबर-5 पर बैटिंग करते हैं, अगर राहुल नहीं खेले तो उनकी जगह ईशान किशन को मौका मिलेगा।

### पॉसिबल प्लेइंग-11

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल/ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव।
बेंच- सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, मोहम्मद शमी, प्रसिद्ध कृष्णा, अक्षर पटेल।
रिजर्व- संजू सैमसन।

## रैपिड न्यूज

### बांग्लादेश के इबादत हुसैन एशिया कप से बाहर:घुटने की चोट से रिकवर नहीं हो पाए



बांग्लादेश के तेज गेंदबाज इबादत हुसैन 30 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप से बाहर हो गए। वे घुटने की चोट से रिकवर नहीं कर पाए हैं। इबादत को पिछले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान घुटने में चोट लगी थी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने जानकारी दी है कि इबादत की जगह 20 साल के अनकैप्ड तेज गेंदबाज तंजीम हसन को टीम में शामिल किया गया है। बोर्ड ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि इबादत वर्ल्ड कप तक फिट हो पाएंगे या नहीं। 10 दिन पहले, इबादत को एशिया कप के लिए घोषित 17 सदस्यीय की टीम में शामिल किया गया था। इबादत ने 10 अगस्त 2022 को जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था। उन्होंने पिछले एक साल में 12 वनडे खेले और हर मैच में विकेट लिया। वाइट बॉल क्रिकेट में अब तक उनका प्रदर्शन शानदार रहा है।

वर्ल्ड कप तक इबादत को फिट करना जरूरी - फिजिशियन देबाशीष बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के फिजिशियन देबाशीष चौधरी ने कहा कि वर्ल्ड कप के लिए इबादत की रिकवरी को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके लिए वे विदेश भी जा सकते हैं। चोट के बाद इबादत 6 हफ्ते रिहैबिलिटेशन में रहे। इस दौरान हमने कई टफ्क्र किए। रिपोर्ट से पता चलता है कि उनका अउछ अभी भी पूरी तरह ठीक नही हुआ, इसलिए वे एशिया कप की टीम से बाहर हो गए हैं। वनडे वर्ल्ड कप के लिहाज से बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड इबादत को पूरी तरह फिट करने की कोशिश कर रही है। अनकैप्ड खिलाड़ी तंजीम हसन के पास 37 मैचों में 57 लिस्ट ए विकेट हैं। इसमें अउउ इमर्जिंग मेन्स एशिया कप 2023 के तीन मैचों में हासिल किए नौ विकेट भी शामिल हैं।

### रूसी ग्रैंडमास्टर गैरी कास्पारोव ने फिडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचने पर प्रगनानंद को दी बधाई

**नई दिल्ली** । पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन और रूसी शतरंज ग्रैंडमास्टर गैरी कास्पारोव ने अजरबैजान के बाकू में फिडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रगनानंद को बधाई दी है। प्रगनानंद ने विश्व नंबर 3 फैबियानो कारूआना को हराकर फिडे विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। प्रगनानंद के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष हो गई, क्योंकि उनकी मां भी अपने बेटे की जीत देखने के लिए कार्यक्रम में मौजूद थीं। कास्परोव ने उनकी मां के समर्थन को ₹एक विशेष प्रकार का समर्थन₹ कहा और भारतीय ग्रैंड मास्टर को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। कास्परोव ने ट्वीट किया, ₹ प्रगनानंद को और उनकी मां को बधाई। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसकी गौरवान्वित मां जो उनके साथ हर कार्यक्रम में जाती थी, यह एक विशेष प्रकार का समर्थन है! चेन्नई इंडियन ने न्यूयॉर्क के दो काउबॉय को हराया! वह कठिन परिस्थितियों में बहुत दृढ़ रहे हैं। प्रगनानंद ने टाईब्रेक के बाद अमेरिकी खिलाड़ी को 3.5-2.5 से हराया। खिताबी मुकाबले में उनका मुकाबला वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन से होगा।



इससे पहले, प्रगनानंद ने सडन डेथ टाईब्रेक में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को 5-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। 17 वर्षीय प्रगनानंद ने पहले ही अगले साल के कैंडिडेट्स इवेंट में जगह पक्की कर ली है।

### आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए यूएई के गेंदबाज जुनैद सिद्दीकी पर लगा जुर्माना

**दुबई।** रविवार को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के दौरान संयुक्त अरब अमीरात के तेज गेंदबाज जुनैद सिद्दीकी पर आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के दो उल्लंघनों के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है, साथ ही दो डिमेरिट अंक भी लगाए गए हैं, जो उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में जोड़े गए हैं। आईसीसी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ह्वखिलाड़ियों और खिलाड़ी समर्थन कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करने के लिए सिद्दीकी को आधिकारिक फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक अवगुण अंक जोड़ा गया, जो ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करने से संबंधित है जो एक अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी बल्लेबाज के आउट होने पर उसकी प्रतिक्रिया स्वरूप अपमानजनक या आक्रामक हो सकते हैं।

## सीएट पुरस्कारों में गिल का जलवा

# सूर्यकुमार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टी20, दीप्ति सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई




**मुंबई** । भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को सोमवार को यहां सीएट क्रिकेट रेटिंग पुरस्कारों के तहत मेन्स इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है। गिल को इसके अलावा मेन्स इंटरनेशनल बैटर ऑफ द ईयर और वनडे बैटर ऑफ द ईयर भी चुना गया। पुरस्कार से सम्मानित होने पर गिल ने कहा, ह्वमैं प्रतिष्ठित सीएट मेन्स इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। एक क्रिकेटर के रूप में, यह हमेशा सीमाओं को पार करने, चुनौतियों का सामना करने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए लगातार सुधार करने के बारे में है। यह मान्यता उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के बीच समानता को मजबूत करती है और मुझे और अधिक प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

महिला वर्ग में दीप्ति शर्मा ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता, जबकि शैफाली वर्मा को अंडर-19 महिला विश्व कप विजेता कप्तान के लिए सम्मानित किया गया।

सूर्यकुमार यादव को आईपीएल और टी20ई मैचों में उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए सीएट टी20 बैट्समैन ऑफ द ईयर चुना गया, जबकि हमवतन भुवनेश्वर कुमार को सीएट टी20 बॉलर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।

1983 विश्व कप विजेता मदन लाल और उनके पूर्ववर्ती कपिल देव को ओपनिंग बॉलिंग पार्टनर व करसन घावरी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

न्यूजीलैंड के टिम साउदी को सीईएट इंटरनेशनल बॉलर ऑफ द ईयर घोषित किया गया, उनके कप्तान केन विलियमसन को टेस्ट बैट्समैन ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा को वनडे बॉलर ऑफ द ईयर चुना गया। श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट गेंदबाज घोषित किया गया। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए जलज सक्सेना को डोमेस्टिक क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।

इस अवसर पर सीएट क्रिकेट रेटिंग्स के मुख्य निर्णायक, भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने कहा, ह्वसीएट क्रिकेट रेटिंग इस महान खेल में त्रुटिहीन प्रतिभा को पहचानने और बढ़ावा देने के लिए एक पथप्रदर्शक रहा है। इस

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने स्पेन को 2-1 से हराया



**डसेलडोर्फ** । भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को यहां खेले जा रहे 4 देशों के टूनार्मेंट में स्पेन को 2-1 से शिकस्त दी। भारत के लिए अन्नू (21') और साक्षी राणा (47') ने एक-एक गोल किया, जबकि स्पेन के लिए लीमा टेरेसा (23') ने गोल किया।

भारत ने पहले क्वार्टर में आक्रामक रूख अपनाया, लेकिन स्पेन के मजबूत डिफेंस को भेदने में सफल नहीं हो सका। पहला क्वार्ट गोलरहित समाप्त हुआ।

दूसरे क्वार्टर की शुरूआत तेज गति के साथ हुई। भारत ने बढ़त लेने की कोशिश में अपने हमलों की गति बढ़ा दी और इसका उसे फायदा भी मिला। अन्नू ने 21वें मिनट में एक अच्छा फील्ड गोल करके भारत को 1-0 से आगे कर दिया। हालाँकि, दो मिनट बाद ही मैच के 23वें मिनट में लीमा टेरेसा ने फील्ड गोल कर-के स्पेन को 1-1 की बराबरी दिला दी। मध्यांतर तक स्कोर 1-1 से बराबर रहा। तीसरा क्वार्टर भी गोलरहित रहा, हालांकि चौथे क्वार्टर में भारत ने बढ़त लेने की कोशिश में आक्रामक कदम उठाने शुरू कर दिये, जिसका फायदा भी टीम को मिला। मैच के अंतिम क्वार्टर में साक्षी राणा (47') ने बेहतरीन फील्ड गोल कर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद, स्पेन ने बराबरी की तलाश में जवाबी हमला किया, लेकिन भारतीय टीम के डिफेंस ने बेहतरीन प्रदर्शन कर स्पेन के हर हमले को नाकाम कर दिया और अंत में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की।

# बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट टीमों को दी बधाई



**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने चल रहे इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईबीएसए) वर्ल्ड गेम्स 2023 में आसान जीत हासिल करने के बाद भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीमों (पुरुष और महिला दोनों) की जमकर प्रशंसा की है।

शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, ₹आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स 2023 में हमारी भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीमों द्वारा उल्लेखनीय जीत का जश्न! महिला टीम ने इंग्लैंड को हराकर अविश्वसनीय कौशल का प्रदर्शन किया, जबकि पुरुष टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विजयी वापसी की। आपका उत्कृष्ट प्रदर्शन आशा जगाता है और हम सभी को प्रेरित करता है। मेरी हार्दिक बधाई सकारात्मकता फैलाने और हमारे देश को गौरवान्वित करने के लिए दोनों टीमों को धन्यवाद!" पहले मैच में भारतीय पुरुष टीम को रविवार को पाकिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन मेन इन ब्लू ने जोरदार वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दर्ज की। इस बीच, महिला टीम ने अपने दोनों शुरूआती मैच जीते। बर्मिंघम में आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स 2023 में पुरुष टीम

# सपाट कारोबार के बीच शेयर बाजार में नया रिकॉर्ड, मार्केट कैप 308.33 लाख करोड़ हुआ



**नई दिल्ली** । सेंसेक्स और निफ्टी में शामिल कुछ हेवी वेट शेयरों में गिरावट की वजह से घरेलू शेयर बाजार खरीदारी का जोर बनने के बावजूद आज सपाट स्तर पर बंद हुआ। हालांकि, ब्रॉर्डर मार्केट में हुई खरीदारी के कारण शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप अभी तक के सर्वोच्च स्तर 308.33 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। बाजार ने आज के कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ की थी, लेकिन बाजार में दिनभर उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार में पीएसयू बैंक और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ

## एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन

# अक्टूबर-नवंबर में, रांची करेगा मेजबानी



**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन रांची, झारखंड में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक किया जाएगा। यह टूनार्मेंट का सातवां संस्करण होगा। हॉकी इंडिया और झारखंड सरकार ने संयुक्त रूप से उक्त जानकारी दी। हॉकी इंडिया की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, इस टूनार्मेंट में मेजबान भारत के अलावा मौजूदा चैंपियन जापान, उपविजेता कोरिया, चीन, मलेशिया और थाईलैंड हिस्सा लेंगे। भारतीय महिला टीम ने 2016 में यह खिताब जीता था और 2018 में टीम उपविजेता रही थी। रांची ने पहले 2012 से 2015 तक कई हॉकी इंडिया लीग मैचों की मेजबानी की है और यह शहर-आधारित फ्रेंचाइजी रांची रेज का घर था। हाल के वर्षों में, स्टेडियम में कई शीर्ष घरेलू आयोजन हुए हैं और इस खेल के लिए एक बड़ा प्रशंसक आधार है। झारखंड का हॉकी इतिहास समृद्ध है, जिसने सात ओलंपियन पैदा किए हैं, जिन्होंने गर्व से भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिनमें जयपाल सिंह मुंडा, सिलबानुस डुंगडुंग, मनोहर टोपनो, अजीत लाकड़ा, निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, स्वर्गीय माइकल किंडो और स्वर्गीय मारंग गोमके शामिल हैं। इस अक्टूबर में झारखंड में भाग लेने वाली टीमों का स्वागत करते हुए, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, ₹झारखंड एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने वाली एशिया की सर्वश्रेष्ठ महिला हॉकी टीमों का स्वागत करना हमारे लिए सम्मान और महान विशेषाधिकार है, जिसकी मेजबानी पहली बार भारत में की जा रही है। उन्होंने आगे कहा, पिछले एक दशक में, झारखंड में हॉकी काफी ऊंचाइयों तक पहुंची है और इस राज्य के कई खिलाड़ी जूनियर और सीनियर दोनों टीमों में भारत के लिए खेल रहे हैं। हमने कई ओलंपियन तैयार किये हैं, जिनमें जयपाल सिंह मुंडा (1928 एम्स्टर्डम ओलंपिक), माइकल किंडो (1972 म्यूनिख ओलंपिक), सिल्वानस डुंगडुंग (1980 मॉस्को ओलंपिक), अजीत लाकड़ा (1992 बार्सिलोना ओलंपिक), मनोहर टोपनो (1984 लॉस एंजिल्स ओलंपिक), निक्की प्रधान (2016 रियो ओलंपिक और 2020 टोक्यो ओलंपिक), और सलीमा टेटे (2020 टोक्यो ओलंपिक) शामिल हैं। मेरा मानना है कि रांची में टूनार्मेंट का 7 वां संस्करण अधिक युवाओं को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करेगा। मैं भाग लेने वाली सभी टीमों, एशियाई हॉकी महासंघ और हॉकी इंडिया के अधिकारियों का झारखंड में आने और सुविधाओं और आतिथ्य का आनंद लेने के लिए स्वागत करता हूं।"

कार्यालय ग्राम पंचायत कटंगसिवनी (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच, श्रीमति सुमंत्रीबाई
सचिव, श्री कमोदा सिंह मार्को
रोजगार सहायक श्री पोहप सिंह मार्को

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय, ग्राम पंचायत मझगांव (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्य प्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्रीमती फूला बाई
सचिव, श्री जवाहर लाल मरावी
रोजगार सहायक श्रीमति मधु गोस्वामी

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत पद्दीकोना(जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्री तिलक सिंह मरावी
सचिव, श्री जवाहरलाल मरावी
रोजगार सहायक श्री कमल कृष्ण मिश्रा

ग्राम पंचायत के समस्त सदस्य गण,

कार्यालय, ग्राम पंचायत भानपुर बिसौरा (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्रीमती संतोषी बाई
सचिव श्री अमर सिंह मरावी
रोजगार सहायक श्री राजकुमार कुलस्ते

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत बस्तरी (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्री महेश उईके
सचिव श्री पंचम तेकाम
रोजगार सहायक श्री पीतम लाल झरिया

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय, ग्राम पंचायत कोहका (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्री पुन्नूलाल धुर्वे
सचिव श्री उपिन तिवारी
रोजगार सहायक, श्री कमल कृष्ण मिश्रा

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत सरसवाही (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्रीमति ज्योति मार्को
सचिव श्री तितरा सिंह मरावी
रोजगार सहायक श्रीमति सुशीला वरकड़े

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत बम्हनी (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्रीमती शिवकुमारी तेकाम
सचिव श्री अश्वनी कुमार मिश्रा
रोजगार सहायक श्री गोविंद सिंह मार्को

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत हाथीतारा (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्रीमती उर्मिला
सचिव, श्री मोहित परस्ते
रोजगार सहायक

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत हरिसिघौरी (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्रीमति सुखवंती बाई
सचिव श्री रामगोपाल वरकड़े
रोजगार सहायक श्री दस्सीलाल यादव

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत थानमगांव(जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच, श्रीमती सरिता मरावी
सचिव, श्री सिंधी लाल झरिया
रोजगार सहायक, श्री शंकर लाल कुंजाम

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत सिंगपुर (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्रीमती हल्की बाई
सचिव श्री जशवंत सिंगरौरे
रोजगार सहायक श्री कमल सिंह परस्ते

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत गड़रा (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच सोमवती बाई
सचिव श्री राम सिंह मरावी
रोजगार सहायक श्री हेमराज मार्को

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत भीकमपुर (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्रीमति सविता गोटिया
सचिव, श्रीमती सुश्री श्रीवति तिलगांम
रोजगार सहायक श्री बिहारीलाल रैदास

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत गुंदल्ई(जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्री बिहारी लाल
सचिव, श्री काशीराम रजक
रोजगार सहायक श्री राधेलाल यादव

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत भलवारा (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्रीमति रमली बाई
सचिव श्री लटोरा यादव
रोजगार सहायक श्री कुलदीप सिंह तेकाम

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत मोहगांव (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्रीमति सुनीता बाई
सचिव श्री रमेश कुशराम
रोजगार सहायक श्री गोविंद बरकड़े

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत खैरानी (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्रीमति कमला बाई
सचिव श्री महेश मरावी
रोजगार सहायक

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत झुरकी (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्री मिहीलाल
सचिव श्री नरेश कुमार वरकड़े
रोजगार सहायक

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत कोहनी(जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्री तिलक सिंह
सचिव श्री हरिलाल मार्को
रोजगार सहायक श्री देवेंद्र सिंह वरकड़े

पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय, ग्राम पंचायत जिल्हटी (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्रीमती हेमलता धुर्वे
रोजगार सहायक आलोक धर द्विवेदी
सचिव, श्री संतोष उपाध्याय
पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत सुकरी संग्रामपुर (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच, श्रीमति भागवती बाई
रोजगार सहायक श्री बिहारीलाल रैदास
सचिव श्री मनोहर मरावी
पंचायत के समस्त सदस्य गण

कार्यालय ग्राम पंचायत सतपहरी (जनपद पंचायत निवास) जिला मंडला मध्यप्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच, श्री रतिराम कुशराम
रोजगार सहायक सुश्री सुषमा यादव
सचिव, श्री वीरेन्द्र द्विवेदी
पंचायत के समस्त सदस्य गण

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. नं 19 जिंसी जहांगीराबाद, भोपाल,मप्र, मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 9 , जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। संवादक-डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनूपपुर होगा। मो -9893798715